●वर्ष : 16 ●अंक : 268 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

सोमवार 20 जनवरी 2025

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

# 'पीएम मोदी और बाइडेन ने अमेरिका-भारत संबंधों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया'

## ट्रंप के शपथ समारोह से पहले यूएस एंबेसडर

### अमेरिका-भारत साझेदारी अपरिहार्य हो गई

गासेर्टी ने भारत की अपनी आखिरी यात्रा के दौरान उनके गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए प्रधानमंत्री मोदी और भारत के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया. उन्होंने जोर दिया कि अमेरिका-भारत साझेदारी अपरिहार्य हो गई है और आने वाले वर्षों में यह और मजबूत होती जाएगी. उन्होंने कहा, "एक पीढ़ी पहले जो अकल्पनीय लगता था, वह इन नेताओं और हमारे राष्ट्र के लोगों के काम की बदौलत आज से एक पीढ़ी बाद अपरिहार्य लगेगा. प्रधानमंत्री जी और सभी भारतीयों का धन्यवाद. आपके साथ इस अध्याय के सह-लेखन में मदद करना मेरे लिए प्रतिदिन खुशी भरा रहा है।



Image credit: x.com/USAmbIndia

नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गासेर्टी ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जो बाइडेन के प्रयासों के कारण अमेरिका और भारत के संबंध नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए हैं। गासेर्टी और उनके परिवार ने रविवार को पीएम मोदी से मुलाकात की। गासेर्टी ने कहा कि दोनों नेताओं ने वीजा, व्यापार, रक्षा सहयोग, अंतरिक्ष सहयोग, स्टूडेंट एक्सचेंज और निवेश सहित विभिन्न क्षेत्रों में रिकॉर्ड-तोड़ मील के पत्थर हासिल किए हैं।

एक्स पर एक पोस्ट में एरिक गासेर्टी ने कहा, "अपने परिवार के साथ पीएम मोदी के एक शानदार अंतिम मुलाकात थी. यह स्पष्ट है कि उन्होंने और राष्ट्रपति बाइडेन ने हमारी आकर्षक और परिणामी यूएस-भारत साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है- रिकॉर्ड वीजा, रिकॉर्ड व्यापार, रिकॉर्ड रक्षा सहयोग, रिकॉर्ड अंतरिक्ष सहयोग, रिकॉर्ड छात्र, रिकॉर्ड निवेश और बहुत कुछ।

बेंगलुरु में शुक्रवार को अमेरिकी वाणिज्य दूतावास कार्यालय के उद्घाटन समारोह में भाग लेते हुए गासेर्टी ने कहा कि यह भारत में अमेरिका की कोई नई उपस्थिति नहीं है, बल्कि वह अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रहा है। उन्होंने कहा, "हम यहां कोई नई उपस्थिति शुरू नहीं कर रहे हैं. लेकिन कर्नाटक में हम अपनी मौजूदगी का विस्तार कर रहे हैं, यह एक प्रतिबद्धता है जो अमेरिका इस अद्भुत राष्ट्र के इस महान राज्य और शहर के लिए भी करता है. हमारे सभी माननीय गणमान्य व्यक्तियों को धन्यवाद।

उन्होंने कहा कि, "हम इस बारे में बहुत लंबे समय से बात कर रहे हैं, है न हम यह सुनिश्चित करने के लिए एक साथ काम कर रहे हैं कि यह शुरूआत एक ऐसा बीज बोए जो आने वाले दशकों तक फलता-फूलता रहे. आप जानते हैं कि भारत में हमारा रिश्ता नया नहीं है. बहुत से अमेरिकी नहीं जानते, और बहुत कम भारतीय जानते हैं कि दुनिया में हमारा दूसरा वाणिज्य दूतावास भारत में था. सबसे पहले 1776 में अमेरिका की स्वतंत्रता के बाद हमने फ्रांस के ल्योन में एक वाणिज्य दूतावास खोला और फिर दूसरा कोलकाता में खोला, जो कि उस समय एक नए अमेरिकी राष्ट्र के लिए भारत के महत्व को दशार्ता था. तब से हमने 5 पोस्ट बनाए हैं. अगर आप यहां और अहमदाबाद में हमारे वाणिज्यिक कार्यालयों को गिनते हैं तो 7, और यह अब दुनिया में कहीं भी अमेरिका का दूसरा सबसे बड़ा मिशन है. हम हर साल रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं, रिकॉर्ड कर्मचारी, रिकॉर्ड वीजा, रिकॉर्ड छात्र, रिकॉर्ड सैन्य अभ्यास, समुद्र तल से अंतरिक्ष तक रिकॉर्ड जुड़ाव।

### अमेरिका और भारत के संबंध ऐतिहासिक

अमेरिकी राजदूत ने अमेरिका-भारत संबंधों के समृद्ध इतिहास पर भी रोशनी डाली, जिसकी शुरूआत सन 1776 में हुई थी, जब अमेरिका ने भारत के कोलकाता में अपना दूसरा वाणिज्य दूतावास खोला था. उन्होंने कहा कि हाल ही में बेंगलुरु में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास कार्यालय का उद्घाटन भारत में अमेरिकी उपस्थिति के विस्तार का प्रतीक है, न कि एक नई शुरूआत का।

## समाचार

### राहुल गांधी को नहीं पता कि इंदिरा और नेहरू ने संविधान के साथ कैसे छेड़छाड़ की: जेपी नड्डा

**अहमदाबाद।** केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इतिहास का कोई ज्ञान नहीं है और वह नहीं जानते कि उनके पिता (राजीव), दादी (इंदिरा) और दादी के पिता (नेहरू) ने संविधान के साथ छेड़छाड़ करने के क्या-क्या प्रयास किए थे। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने 65 वर्षों तक देश पर शासन किया और उसके नेताओं ने संविधान के साथ छेड़छाड़ कर इसके बुनियादी प्रावधानों को नष्ट करने की कोशिश की। वह भाजपा के 'संविधान गौरव अभियान' में बोल रहे थे। हाल में, केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार, भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ एक टिप्पणी में 'इंडियन स्टेट' (भारतीय राज व्यवस्था) शब्द का इस्तेमाल करने को लेकर राहुल पर उन्होंने प्रहार किया। नड्डा ने कहा, 'आज हमारे कांग्रेस नेता कहते हैं कि वे इंडियन स्टेट (भारतीय राज व्यवस्था) के खिलाफ लड़ रहे हैं। उन्हें इतिहास का कोई ज्ञान नहीं है, न ही उनका इससे कोई लेना-देना है।' उन्होंने कहा कि राहुल उन्हें सौंपे गए भाषणों की सामग्री और संदर्भ को समझे बिना उन्हें 'सिर्फ पढ़ते' हैं। राहुल ने हाल ही में कहा था, 'भाजपा और आरएसएस ने इस देश की हर एक संस्था पर कब्जा कर लिया है और अब हम भाजपा, आरएसएस और भारतीय राज व्यवस्था से लड़ रहे हैं।

नड्डा ने कहा, 'भारत अपना 76 वां गणतंत्र दिवस मनाने की तैयारी कर रहा है। ऐसे में हमें याद रखना चाहिए कि किसने संविधान के साथ छेड़छाड़ की और इसके बुनियादी प्रावधानों को नष्ट करने की कोशिश की। यह भी याद रखें कि किसने संविधान की रक्षा की और किसने बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों की रक्षा करने के साथ उन्हें रेखांकित करने का काम किया।' उन्होंने कहा कि नागरिकों को उन पाखंडी लोगों से सचेत और सावधान रहना चाहिए जो संविधान को पढ़े बिना इसकी प्रति लेकर घूमा करते हैं।

राहुल भाजपा पर हमला करने के लिए अक्सर अपनी चुनावी रैलियों में संविधान की प्रति अपने साथ रखते हैं। नड्डा ने कहा, 'उन्हें (राहुल को) नहीं पता कि उनके पिता (राजीव गांधी), दादी (इंदिरा गांधी) और दादी के पिता (जवाहरलाल नेहरू) ने क्या किया था। उन्हें ये बातें पता होनी चाहिए।' उन्होंने आंबेडकर को उद्धृत करते हुए कहा कि भले ही संविधान खराब हो, फिर भी इसे अच्छा किया जा सकता है अगर इसे लागू करने वालों की मंशा सही हो। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस नेता 'बुरे' थे, लेकिन भाजपा के नेता 'अच्छे' हैं जिन्होंने अनुच्छेद 370 को खत्म (जम्मू-कश्मीर में) करने जैसे कदम उठाए, ह्यएक देश एक कर लागू किया और समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

## ज्वलंत मुद्दा

## सम्पादकीय



### दिल्ली सल्तनत पर बार-बार क्यों करते हैं किसान चढ़ाई?

अन्नदाताओं की समस्याओं का समाधान आखिर कब होगा? क्या उनकी मांगे भविष्य में कभी पूरी हो भी पाएंगी या नहीं? केंद्र में सरकार चाहे कांग्रेस की हो या भाजपा की, हर दौर में यही सब कुछ देखने को मिलता है। कमोबेस, सरकारों का रवैया सदैव एक जैसा ही रहता है। इसलिए एकाएक किसी सरकार को दोषी ठहराना किसी टिप्पणीकार के लिए बेईमानी सा होता है। किसान आंदोलनों से जो समस्याएं उपजती हैं, उसका खामियाजा सिर्फ और सिर्फ आमजन ही भुगतते हैं। समस्याएं किस कदर पनपती हैं इस ओर शायद किसी का भी ध्यान नहीं जाता। मरीज, छात्र, राहगीर, दैनिक कर्मी तो बेहाल होते ही हैं, रोजमर्रा के क्रियाकलाप भी रुक जाते हैं। दो दिसंबर को भी यही हुआ, जब किसान उत्तर प्रदेश के एक छोर से चले, तो सड़कों पर दौड़ने वाले तेज वाहनों के पहिए थम गए। क्या मरीज, क्या नौकरीपेशा, सभी के पैर अपने जगह रूक गए। दरअसल, अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसान संगठनों ने एक बार फिर दिल्ली पर चढ़ाई करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि ऐसा करने से उन्हें बलपूर्वक बॉर्डरों पर ही रोका गया है। पर, हालात दिल्ली-एनसीआर के एक बार फिर बिगड़ते दिखाई पड़ने लगे हैं। इस दफे भी किसानों के तेवर उग्र दिख रहे हैं। अन्नदाता लंबा आंदोलन करने के मूड़ में दिखाई पड़ते हैं। इतना तय है, अगर उनकी समस्याओं का समाधान समय रहते नहीं हुआ, तो हालात पिछले किसान आंदोलन जैसे बनने में वक्त नहीं लगेगा। किसान केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार को बीते एक महीने से अल्टीमेटम दे रहे थे कि उनकी मांगे मानी जाएं, उनसे बात करे कोई जिम्मेदार व्यक्ति, जिससे दोनों पक्ष बैठकर कोई हल निकाल सकें। लेकिन उनकी बातों को हुकूमती स्तर पर एक बार भी अनसुना और अनदेखा किया गया।

SYED ZAKI HAIDER
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

# दिल्ली उच्च न्यायालय ने डीएनबी पाठ्यक्रम में दाखिला संबंधी याचिका पर एनबीई से पक्ष रखने को कहा

नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड (डीएनबी) नामक पोस्ट-डिप्लोमा पाठ्यक्रम को छोड़ चुके अभ्यर्थियों पर दो साल के लिए किसी अन्य डीएनबी पाठ्यक्रम में दाखिला देने पर लगाए गए प्रतिबंध के खिलाफ दायर याचिका पर राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) से पक्ष रखने को कहा है। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने एक अभ्यर्थी की उस याचिका पर एनबीई को नोटिस जारी किया, जिसमें कहा गया है कि डीएनबी पाठ्यक्रम प्रवेश के लिए प्रतिबंध एकपक्षीय है और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। अदालत ने 17 जनवरी को पारित आदेश में कहा, प्रतिवादी संख्या-एक को सभी माध्यमों से नोटिस जारी करें, जिसका जवाब 23 जनवरी 2025 तक दिया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता ने कहा कि डीएनबी कोर्स शुरू करने के तुरंत बाद, उन्हें छत्तीसगढ़ के अपने अस्पताल से इस्तीफा देना पड़ा, क्योंकि उनके लिए कष्टदायक माहौल में पढ़ाई जारी रखना मुश्किल हो गया था। याचिकाकर्ता की तरफ से पैरवी कर रही वकील तन्वी दुबे ने अवगत कराया कि उन्होंने (याचिकाकर्ता ने) कथित तौर पर गाली-गलौज और प्रताड़ना के बारे में निर्धारित प्रक्रिया के तहत शिकायत की थी, लेकिन अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने दलील दी कि इसीलिए नियम को असंवैधानिक घोषित किया जाना चाहिए और याचिकाकर्ता को भविष्य में डीएनबी काउंसलिंग या परीक्षाओं में भाग लेने की अनुमति दी जानी चाहिए, क्योंकि वह एक मेधावी अभ्यर्थी हैं, जिन्हें अन्याय का सामना करना पड़ा।





# दिल्ली विधानसभा चुनाव में मुकाबले में 1,040 उम्मीदवार

नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** में पांच फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कुल 1,040 उम्मीदवार मैदान में हैं. निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के अनुसार, 1,522 उम्मीदवारों ने चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया था. जांच के दौरान 477 नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए. नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 17 जनवरी थी, जिस दिन सबसे अधिक 680 नामांकन दाखिल हुए जबकि 16 जनवरी को 500 नामांकन दाखिल हुए थे. नामांकन पत्रों की जांच शनिवार को पूरी हो गई, जबकि 20 जनवरी तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकते हैं।दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव में कड़ी टक्कर होने की संभावना है, जिसमें सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही है. वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिल्ली में 25 साल से अधिक समय तक सत्ता से बाहर रहने के बाद वापसी के प्रयास में है. मतगणना आठ फरवरी को होगी।





# साहूकारों से परेशान शख्स ने की पत्नी और बेटे की हत्या

## आत्महत्या का किया प्रयास; जांच शुरू

नूना न्यूज एजेंसी।

**महाराष्ट्र।** से पुणे शहर में हुए वारदात के मामले में पुलिस ने बताया कि शनिवार को एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी और नाबालिग बेटे को नींद की गोलियों की भारी खुराक देकर मार डाला और फिर साहूकारों की तरफ से 'उत्पीड़न' के कारण आत्महत्या का प्रयास किया। पुणे शहर के पास चिखली के वैभव हांडे नाम के व्यक्ति का अस्पताल में इलाज चल रहा है और पुलिस ने संतोष कदम, सुरेखा कदम, संतोष पवार और जावेद खान नाम के चार लोगों के खिलाफ इस मामले में केस दर्ज किया है।

अधिकारी ने बताया कि जब पड़ोसियों ने बार-बार दरवाजा खटखटाने के बावजूद कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, तो उन्होंने पुलिस को फोन किया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने फ्लैट में घुसी तो वैभव को जीवित पाया। इसके बाद उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया। वैभव की शिकायत का हवाला देते हुए अधिकारी ने कहा, 'शिकायतकर्ता ने आरोपी संतोष कदम और सुरेखा से क्रमशः 6 लाख रुपये और 2 लाख रुपये मासिक 10 प्रतिशत ब्याज दर पर उधार लिए थे। उसने जावेद खान से भी उच्च ब्याज पर 4 लाख रुपये लिए थे। अधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसने मूलधन और अतिरिक्त 9 लाख रुपये साहूकारों को चुका दिए थे, लेकिन वे उसे और अधिक भुगतान करने के लिए परेशान कर रहे थे। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ आपराधिक धमकी का मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है।

### नौ लाख रुपये चुकाने के बाद भी वसूल रहे थे आरोपी

मामले में शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसने मूलधन और अतिरिक्त 9 लाख रुपये साहूकारों को चुका दिए थे, लेकिन वे उसे और अधिक भुगतान करने के लिए परेशान कर रहे थे। पीड़ित वैभव ने अपनी शिकायत में कहा कि उसने अपनी पत्नी शुभांगी हांडे और बेटे धनराज को सुबह कई नींद की गोलियां दीं, जिससे उनकी मौत हो गई। इसके बाद वैभव ने अपने फ्लैट में छत के पंखे से लटकने की कोशिश की।

### बड़े बेटे के फोन पर पीड़ित ने भेजा था संदेश

जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार की रात वैभव ने अपने 14 वर्षीय बेटे के मोबाइल फोन पर एक नोट भेजा था, जिसे उसने मुंबई में अपने रिश्तेदार के घर भेजा था, जिसमें उसने अपनी योजना का विवरण दिया था। सुबह संदेश पढ़ने के बाद लड़का घबरा गया और अपने परिवार के बारे में जानने के लिए अपने पड़ोसियों को फोन किया।

# 'इंडिया स्टेट' वाला बयान राहुल गांधी के लिए बना मुसीबत

## बिहार के बाद गुवाहाटी में भी केस दर्ज

### ›› राहुल का बयान चुनावी हार की हताशा का परिणाम : शिकायतकर्ता

गुवाहाटी हाईकोर्ट के वकील और शिकायतकर्ता मोनजीत चेतिया ने कहा कि राहुल गांधी की का बयान बार-बार चुनावों में मिल रही हार की हताशा का नतीजा है। विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल पर लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास बनाए रखने की जिम्मेदारी है, लेकिन वे झूठ फैलाने और विद्रोह भड़काने का काम कर रहे हैं। चेतिया ने कहा, लोकतांत्रिक तरीकों से जनता का विश्वास हासिल करने में नाकाम होने के बाद, वह अब केंद्र सरकार और भारतीय राज्य के खिलाफ असंतोष भड़काने की कोशिश कर रहे हैं।

नूना न्यूज एजेंसी।

**गुवाहाटी।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को भाजपा, आरएसएस के साथ ही 'इंडिया स्टेट' से लड़ाई वाले बयान को लेकर मुसीबतों से घिर गए हैं। बयान को लेकर राजनीतिक विरोध झेल रहे राहुल गांधी के खिलाफ गुवाहाटी के पान बाजार पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। कांग्रेस नेता के खिलाफ गुवाहाटी के पान बाजार थाने में शनिवार को बीएनएस के तहत गैर जमानती धाराओं में यह केस दर्ज किया गया। आरोप है कि राहुल ने भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले बयान दिए। शिकायतकर्ता मोनजीत चेतिया ने आरोप लगाया कि राहुल का बयान अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की सीमाओं का उल्लंघन है। इससे सार्वजनिक व्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। चेतिया ने दावा किया कि राहुल गांधी के शब्द राज्य के अधिकार को अवैध ठहराने की कोशिश है। इससे एक खतरनाक धारणा तैयार होगी, जो अशांति और अलगाववादी भावनाओं को भड़का सकती है। 15 जनवरी को दिल्ली में नए कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन के उद्घाटन में राहुल ने मोहन भागवत के एक बयान पर कहा था कि भाजपा, आरएसएस ने हर संस्था पर कब्जा कर लिया है। अब हम भाजपा, आरएसएस और इंडियन स्टेट से लड़ रहे हैं। दरअसल, 13 जनवरी को राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख ने इंदौर में एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को प्रतिष्ठा द्वादशी के तौर पर मनाया जाना चाहिए। इसे ही भारत का 'सच्चा स्वतंत्रता' दिवस मानना चाहिए।





### >> बिहार में भी दर्ज हुआ था मामला

इससे पहले, बिहार के समस्तीपुर जिले रोसरा कोर्ट ने राहुल गांधी के विरोध में परिवाद दायर किया था। परिवादी ने इसे देशद्रोह बताते हुए कोर्ट से आजीवन कारावास की मांग की है। कोर्ट 17 फरवरी को इस मामले की सुनवाई करेगी। रोसरा थाना क्षेत्र के ही सोनूपुर गांव निवासी सुरेंद्र चौधरी के पुत्र मुकेश चौधरी ने यह परिवाद दायर किया है।

# जमाअत-ए-इस्लामी हिंद द्वारा वक्फ (संशोधन) विधेयक-2024 पर जेपीसी के सवालों का लिखित जवाब

**नई दिल्ली, 19 जनवरी:** जमाअत-ए-इस्लामी हिंद ने संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) द्वारा उठाए गए सवालों का विस्तार से लिखित जवाब सौंपा है। जेपीसी के साथ जमाअत के शीर्ष नेतृत्व की बैठक पिछले वर्ष नवंबर में हुई थी। मीडिया को जारी एक बयान में जमाअत -ए-इस्लामी हिंद के उपाध्यक्ष मलिक मोतसिम खान ने कहा, "वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 के सम्बन्ध में 4 नवंबर 2024 को जेपीसी को हमारे द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरण के दौरान हमें लगभग 65 सवाल प्राप्त हुए। जेपीसी द्वारा पूछे गए सवालों और हमारे लिखित जवाबों का सार निम्न है। ये जवाब जेपीसी को दिए गए हमारे पिछले सबमिशन के अनुपूरक के रूप में भी काम करेंगेः संयुक्त संसदीय समिति द्वारा पूछे गए सवाल मुख्यतः वक्फ संपत्तियों की परिभाषा, प्रशासन और कानूनी ढांचे के इर्द-गिर्द थे। जेपीसी के माननीय सदस्य वक्फ के धार्मिक और धर्मनिरपेक्ष पहलुओं का यह पता लगाना चाहते थे कि क्या इन संपत्तियों से सभी समुदायों को लाभ मिलता है या केवल मुसलमानों को। कानूनी पेचीदगियों, जैसे "उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ" की अवधारणा, अतिक्रमण और वक्फ बोर्डों की भूमिका के बारे में कई बार सवाल पूछे गए। जेपीसी सदस्यों ने प्रक्रियात्मक और संरचनात्मक मुद्दों, जैसे कलेक्टर की शक्तियों और न्यायाधिकरण की संरचना, के बारे में पूछताछ की तथा संभावित संवैधानिक और संघीय संघर्षों की ओर इशारा किया। जेपीसी के सवालों में वक्फ प्रबंधन में गैर-मुस्लिमों को शामिल करने और पारदर्शिता और निगरानी में सुधार के लिए सुधारों पर भी चर्चा की गई। सदस्यों ने वक्फ की उत्पत्ति और आधुनिक शासन के साथ इसकी अनुकूलता के बारे में ऐतिहासिक और धार्मिक पहलु से भी सवाल पूछे।


जमाअत-ए-इस्लामी हिंद द्वारा संयुक्त संसदीय समिति को दिए गए विस्तृत लिखित जवाब में प्रस्तावित वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 के संबंध में मुस्लिम समुदाय की गंभीर चिंताओं को उजागर किया गया है। जवाब के केंद्र में मुख्य रूप से यह आशंका व्यक्त है कि यह विधेयक वक्फ संपत्तियों की पवित्रता और कार्यक्षमता को कमजोर करता है, जो मुसलमानों के सामाजिक-आर्थिक और धार्मिक कल्याण के लिए महत्वपूर्ण हैं। "उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ" को समाप्त करने का प्रावधान मस्जिदों, कब्रिस्तानों और दरगाहों जैसी कई दीर्घकालिक संपत्तियों के लिए सीधा खतरा पैदा करता है, जिनके पास औपचारिक दस्तावेजीकरण का अभाव तो है, लेकिन वे सदियों से समर्पित उपयोग में हैं। इस मान्यता को हटाने से व्यापक दावे और कानूनी विवाद उत्पन्न होंगे, जिससे इन परिसंपत्तियों की संभावित हानि होगी।

# जम्मू तवी रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण: यात्रियों की सुविधा और संचालन में सुधार के लिए बड़ा कदम

नई दिल्ली, जनवरी : उत्तर रेलवे जम्मू तवी रेलवे स्टेशन पर एक बड़ा आधुनिकीकरण प्रोजैक्ट कर रहा है। इसका उद्देश्य यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा, बेहतर कनेक्टिविटी और संचालन में सुधार करना है। भविष्य में, जम्मू तवी रेलवे स्टेशन जम्मू-कश्मीर घाटी में ट्रेन संचालन को और बेहतर तरीके से संभालने के लिए तैयार होगा। जम्मू तवी यार्ड के आधुनिकीकरण के लिए शुरू किया गया काम 6 मार्च 2025 तक पूरा करने की योजना है। यार्ड का पुनर्विकास लगभग पूरा हो चुका है और नॉन-इंटरलॉकिंग का काम भी जल्द खत्म हो जाएगा। यार्ड का यह काम जम्मू तवी स्टेशन के पुनर्विकास का एक चुनौतीपूर्ण और कठिन काम था, लेकिन इसके पूरा होने के बाद स्टेशन का पुनर्विकास तेजी से होगा। इस बड़े अपग्रेडेशन प्रोजैक्ट की अनुमानित लागत 450 करोड़ रुपए है। चार नए प्लेटफार्मों का निर्माण करना, जो अत्याधुनिक बैलास्टलेस ट्रैक तकनीक से लैस होंगे। प्लेटफार्मों पर संचालन को सुचारू बनाना और सफाई सुनिश्चित करना। वर्तमान में 3 प्लेटफार्म हैं, उन्नयन के बाद 7 प्लेटफार्म होंगे। प्रत्येक प्लेटफार्म पर धोने योग्य एप्रन होंगे, जो स्वच्छ वातावरण में योगदान देंगे।दो नए 12 मीटर चौड़े फुटओवरब्रिज का निर्माण, ताकि यात्रियों को आसानी से प्लेटफार्मों तक पहुंच मिल सके। सातों प्लेटफार्मों को जोड़ने के लिए 72 मीटर चौड़ी एयर कॉन्कोर्स का निर्माण, जिससे प्लेटफार्मों के बीच सुगम आवाजाही होगी और यात्री प्रवाह में सुधार होगा।

# टोल का गोल-मोल गोरखधंधा

– डॉ.जया शुक्ला



कई बार दिमाग में प्रश्न उठता है कि क्या वर्तमान सरकार में हर चीज सीमाहीन ही है? कुछ पहले तक तो भगवान को छोड़कर हर चीज की सीमा हुआ करती थी ! अब स्थिति पूरी तरह उलट गई लगती है, अब केवल पहले के सीमाहीन भगवान की ही सीमा है – मस्जिदों के नीचे की खुदाई से लेकर भाजपा के वोट और अडानी की जेब तक। NHAI द्वारा प्रायोजित टेंडर में अडानी ने एक नए राजमार्गके निर्माण केलिए नहीं, बल्कि 30 वर्षों के लिए एनएच-38 पर टोलसंग्रह करने के लिए बोली जीती है, जो तिरुचिरापल्ली और मदुरै के बीच का लगभग 124 किमी का खंड है। इस खंड में दो टोलप्लाजा शामिल हैं:- बूथाकुडी और चित्तामपट्टी। यह राजमार्ग 2010 में बनाया गया था, और टोल संचालन 24 मई 2013 को शुरू हुआ था, जैसा कि एनएचएआई पोर्टल पर बताया गया है। निर्माण लागत 419 करोड़ थी। हालांकि, नवंबर 2024 तक, टोलसंग्रह पहले ही 1,202 करोड़ तक पहुंच चुका है - लगभग ?104 करोड़ प्रतिवर्ष की दरसे। निर्माणकी लागत जो देसीविदेशी कर्ज़से देश और सरकारकी साख पर जुटाई जाती है,ब्याज सहित पहले ही वसूली जाचुकी है, जो जनता द्वारा टोलटैक्स देकर चुकाई गई है। अब, अदानीको 30 वर्षोंका नया अनुबंध दिएजाने के साथ, टोलसंग्रह , वर्तमान यातायात स्तर और 5% की वार्षिक टोलवृद्धि को ध्यानमें रखते हुए 5,000-7,000 करोड़ के बीच रहने का अनुमानहै। फिर भी, हम एक ऐसी सड़क के लिए सरकारको भुगतान करते रहते हैं जिसकी लागत, ब्याजसहित पहलेही वसूल हो चुकी है। लेकिन इस लूटकी एक सीमा होनी तो चाहिए।

# श्री जयराम रमेश, संसद सदस्य, महासचिव (संचार) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, द्वारा जारी बयान

**नई दिल्ली।** 19 जनवरी, 2025 मोदी सरकार लंबे समय से भारत में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (व्यापार करने में आसानी) में सुधार की इच्छा को लेकर ढिंढोरा पिटती आ रही है। फिर भी पिछले दशक में हमें निजी निवेश में कमी ही देखने को मिली है - यह रिकॉर्ड निचले स्तर तक चला गया है और बड़ी संख्या में बिजनेसमैन भारत छोड़ कर विदेश चले गए हैं। GST और इनकम टैक्स दोनों को मिलाकर बनने वाली पेचीदा, दंडात्मक और मनमानी कर व्यवस्था भारत की समृद्धि के लिए सबसे बड़ा खतरा बनी हुई है। यह पूरी तरह से कर आतंकवाद के जैसा है। इससे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की जगह अनईज ऑफ डूइंग बिजनेस (व्यापार करने में असुविधा) को बढ़ावा मिल रहा है। निवेश का सबसे बड़ा भाग, निजी घरेलू निवेश, 2014 से लगातार कमजोर रहा है। डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान यह मजबूती से GDP के 25-30% के रेंज में था। पिछले दस वर्षों में, यह गिरकर GDP के 20-25% के रेंज तक आ गया है। निवेश में इस सुस्ती के साथ-साथ उच्च नेट-वर्थ वाले लोगों का बड़े पैमाने पर पलायन भी हुआ है। पिछले एक दशक में 17.5 लाख से अधिक भारतीयों ने दूसरे देश की नागरिकता ली है। अनुमान के मुताबकि 2022 और 2025 के बीच 21,300 अरबपतियों ने भारत छोड़ा है। ये सब तीन कारणों से हो रहा है। पहला कारण, एक जटिल GST है। पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यन के मुताबिक, जिस GST को प्रधानमंत्री ने गुड एंड सिंपल टैक्स बताया था, उसमें सेस समेत 100 अलग-अलग टैक्स रेट्स हैं। इतने ज्यादा टैक्स रेट्स और कन्फ्यूजन होने की वजह से पिछले वित्त वर्ष में 2.01 लाख करोड़ रुपए की GST चोरी के मामले सामने आए हैं, जो वित्त वर्ष



2023 में रिपोर्ट किए गए 1.01 लाख करोड़ रुपए से लगभग दोगुना है। 18,000 फजी कंपनियों का खुलासा हुआ है; और भी बहुत कुछ गलत सामने आने की आशंका है। दूसरा, दावों के विपरीत होने के बावजूद, भारत में चीनी आयात 2023-24 में 85 बिलियन डॉलर के रिकॉर्ड व्यापार घाटे के साथ बिना किसी रोक-टोक के जारी है। इससे भारतीय मैन्युफैक्चरिंग को नुकसान पहुंचा है, विशेष रूप से अधिक श्रम वाले क्षेत्रों में।

## सरकार का पूरा ध्यान सिर्फ.गिने चुने पूंजीपतियों को ही और समृद्ध करने पर है।

**नई दिल्ली।** आज मोदी सरकार ने गरीब और मेहनतकश वर्ग से अपना मुंह मोड़ लिया है और उन्हें पूरी तरह से उनके हाल पर छोड़ दिया है। सरकार का पूरा ध्यान सिर्फ.गिने चुने पूंजीपतियों को ही और समृद्ध करने पर है। इस वजह से असमानता लगातार बढ़ती जा रही है और खून-पसीने से देश को सींचने वाले श्रमिकों की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। वे तरह-तरह के अन्याय



और अत्याचार झेलने को मजबूर हैं। ऐसे में हम सबकी ज़िम्मेदारी बनती है कि हम मिलकर उन्हें न्याय और हक दिलाने के लिए मजबूती से आवाज उठाएं। इसी सोच के साथ हम #WhiteTshirtMovement की शुरूआत कर रहे हैं। मैं अपने युवा और मेहनतकश वर्ग के साथियों से अपील करता हूं कि वे इस आंदोलन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें। इस अभियान से जुड़ने और इससे संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए इस लिंक पर विजिट करें -

# नवाचार और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए सहयोग बढ़ाने हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए

नई दिल्ली, जनवरी : 8वीं वार्षिक ग्लोबल कन्वैंशन 2025 का आयोजन 18 जनवरी 2025 को मैनेजमैंट डिवैल्पमैंट इंस्टीच्यूट गुड़गांव में बड़ी सफलता के साथ किया गया। विकास में तेजी लाना विषय पर केंद्रित इस 24-घंटे के कार्यक्रम ने उद्यमियों, निवेशकों, और उद्योग जगत के नेताओं को एक मंच पर लाकर सहयोग, नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहन दिया। इस इवैंट में एमडीआई एक्सेलक्यूब, एक इनक्यूबेशन सैंटर का अनावरण किया गया, जो स्टार्टअप्स और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा। उद्घाटन सत्र में एमडीआई के निदेशक डॉ. अरविंद सहाय ने एजीसी को आर्थिक विकास की रीढ़ बताया।

कार्यक्रम के दौरान सिदबी के सीएमडी मनोज मित्तल ने स्टार्टअप्स के लिए वित्तीय समर्थन पर जोर दिया, जबकि हरियाणा सरकार के पूर्व मुख्य सचिव डॉ. टीवीएसएन प्रसाद ने नीतिगत सहयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इसके अलावा एमडीआई गुड़गांव और आईआईटी दिल्ली के बीच एक ऐतिहासिक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए, जो इनक्यूबेशन पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगा। निवेशक सत्र, स्टार्टअप राउंड टेबल, और एमडीआई इनोवेटर ब्रू ने इस कार्यक्रम को विचारों और नेटवर्किंग का केंद्र बना दिया। यह सम्मिलन भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम के विकास में एक मील का पत्थर साबित हुआ।

# केजरीवाल किराएदारी में रहने वालों को 2017 से फ्री एवं सस्ती बिजली का सपना दिखा रहे हैं : वीरेन्द्र सचदेवा

नई दिल्ली, जनवरी : दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान पर प्रतिक्रिया देते कहा कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती और यह दिल्ली की जनता समझ चुकी है कि अरविंद केजरीवाल चुनाव आते ही किरायेदारों को याद करते हैं फिर भूल जातै हैं। केजरीवाल किरायेदारी में रहने वालों को 2017 से फ्री एवं सस्ती बिजली का सपना दिखा रहे हैं पर देते कुछ नहीं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि 2013 में अरविंद केजरीवाल जब पहली बार चुनाव लड़े थे तो उन्होंने किरायेदार का एक सेल बनाया था लेकिन उनके साथ भी केजरीवाल ने धोखा दिया इसलिए वे सभी भाजपा में शामिल हो गए।

उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल पर कहावत बहुत सटीक बैठती है- चोर चोरी से जाए हेराफेरी से ना जाए। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि पूरी दिल्ली को धोखा देने का काम अरविंद केजरीवाल ने किया है और दिल्ली समझ चुकी है कि अरविंद केजरीवाल जब बोलेंगे झूठ बोलेंगे इसलिए अरविंद केजरीवाल की बातों का महत्व ठीक उसी तरह समाप्त हो चुका है जैसे उनकी राजनीतिक जमीन दिल्ली में खो चुकी है।

उन्होंने कहा कि बिजली के बिलों के नाम पर डिस्कॉम के साथ मिलकर सौतेला व्यवहार किया और दिल्ली की जनता को लूटने का काम किया है।

# धनुषकोडी में लौटेगी रेल विरासत : 1964 की सुनामी में खत्म हुई रेल लाइन फिर से होगी बहाल

## यह रेल लाइन धार्मिक, ऐतिहासिक और भौगोलिक रूप से धनुषकोडी को नई पहचान देगी

धनुषकोडी, जनवरी : रामेश्वरम से धनुषकोडी तक सीधी ट्रेन सेवा का सपना अब हकीकत बनने के करीब है। 1964 में आई विनाशकारी सुनामी के कारण खत्म हुई इस ऐतिहासिक रेल लाइन को पुनर्जीवित करने की दिशा में काम शुरू हो चुका है। रेलवे की इस महत्वाकांक्षी परियोजना से न केवल धनुषकोडी की रेल विरासत लौटेगी, बल्कि इस क्षेत्र में पर्यटन और विकास को भी नई दिशा मिलेगी।



### सुनामी में खत्म हुई थी रेल सेवा

1964 तक धनुषकोडी भारतीय रेलवे का एक प्रमुख स्टेशन था, जो रामेश्वरम से जुड़ा था। यह स्टेशन भारत और श्रीलंका के बीच यात्रा का मुख्य संपर्क बिंदु भी था। यहां से सीलोन (अब श्रीलंका) के लिए स्टीमर सेवाएं संचालित होती थीं। 22-23 दिसंबर 1964 को आई भीषण सुनामी में यह स्टेशन, रेल लाइन और बुनियादी ढांचा पूरी तरह तहस-नहस हो गया। इस आपदा में सैकड़ों लोग, जिनमें ट्रेन कर्मचारी और यात्री शामिल थे, अपनी जान गंवा बैठे। इसके बाद इस रेल लाइन को बहाल करने की कोई पहल नहीं हुई।

### मोदी सरकार की पहल से लौटी उम्मीद

मार्च 2019 में तत्कालीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामेश्वरम-धनुषकोडी रेल परियोजना की आधारशिला रखी। इस परियोजना का उद्देश्य रामेश्वरम को धनुषकोडी से फिर से जोड़ना है। प्रस्तावित 18 किलोमीटर लंबी ब्रॉडगेज लाइन में 13 किलोमीटर का एलिवेटेड ट्रैक शामिल होगा, जो आधुनिक इंजीनियरिंग का एक उत्कृष्ट उदाहरण होगा। इस लाइन पर तीन हॉल्ट स्टेशन और एक टर्मिनल स्टेशन बनाए जाएंगे। परियोजना की कुल लागत 733.91 करोड़ रुपये आंकी गई है, जिसमें से 17.61 करोड़ रुपये अब तक शुरूआती कार्यों पर खर्च हो चुके हैं।

### पर्यावरण और जमीन अधिग्रहण बनी बाधा

इस परियोजना को जमीन और पर्यावरण संबंधी मंजूरियों का इंतजार है। परियोजना के लिए 3.66 हेक्टेयर निजी भूमि, 28.61 हेक्टेयर वन भूमि, और 43.82 हेक्टेयर सरकारी भूमि की आवश्यकता है। तमिलनाडु सरकार ने पर्यावरण से जुड़े कुछ मुद्दों को लेकर रेलवे को जवाब दिया है। यदि इन अड़चनों को सुलझा लिया जाता है, तो परियोजना पर काम तेज गति से आगे बढ़ सकता है।

### पर्यटन और आर्थिक विकास को मिलेगा बढ़ावा

इस रेल लिंक के पुनर्निर्माण से धनुषकोडी तक पहुंचना बेहद आसान हो जाएगा। यह स्थान न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि ऐतिहासिक और भौगोलिक रूप से भी खास है। रामेश्वरम आने वाले लाखों पर्यटक आसानी से धनुषकोडी पहुंच सकेंगे, जिससे क्षेत्र में पर्यटन को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा।

### इतिहास में धनुषकोडी का महत्व

धनुषकोडी भारतीय रेलवे का एक ऐतिहासिक स्टेशन था, जो श्रीलंका के सीलोन और भारत के मंडपम के बीच संपर्क का मुख्य बिंदु था। इस क्षेत्र को पंबन द्वीप के टॉप पर स्थित होने के कारण खास पहचान मिली है। 1964 से पहले, यहां से स्टीमर सेवाएं संचालित होती थीं, जो भारत और श्रीलंका के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करती थीं।

### यह परियोजना एक मील का पत्थर साबित होगी

यदि तमिलनाडु सरकार से जरूरी मंजूरियां मिल जाती हैं, तो यह परियोजना एक मील का पत्थर साबित होगी। यह न केवल धनुषकोडी की रेल विरासत को लौटाएगी, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक और सांस्कृतिक विकास को भी गति देगी। रेलवे का यह कदम मोदी सरकार की विरासत के साथ विकास की नीति का सटीक उदाहरण है। रामेश्वरम-धनुषकोडी रेल लिंक परियोजना उन सैकड़ों यात्रियों और कर्मचारियों के सपने को साकार करेगी, जो 1964 की सुनामी में अपनी जान गंवा बैठे थे। अब, दशकों बाद, यह क्षेत्र एक बार फिर रेल इंजन की सीटी और यात्रियों की चहल-पहल से गुलजार होगा।

# पुलिस ने शराब की गाड़ी पकड़ी, तस्कर गिरफ्तार

समालखा, जनवरी : थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गुजरात ले जाई जा रही अवैध शराब लदी क्रेटा गाड़ी समेत तस्कर को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। जिसमें पुलिस ने 07 पेटी रेड लेबल, सिग्नेचर, ब्लैक लेबल मार्का अंग्रेजी अवैध शराब को बरामद कर आरोपी तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। इसी कड़ी में थाना प्रभारी कैलाश ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर हलदाना बॉर्डर पर पुलिस टीम के साथ बैरिगेटिंग कर नाका लगाया था। जहां चैकिंग के दौरान सफेद रंग की क्रेटा गाड़ी से ड्राइवर इरफान पुत्र अयुब खान वासी तुर मिया सैयद की चाली नजदीक पुलिस स्टेशन अहमदाबाद गुजरात को अंग्रेजी शराब रेडलेबल 58 बोतल, ब्लैकलेबल 9 बोतल सिग्नेचर 38 अध्धे बरामद किए।

# राष्ट्रपति मुर्मू श्रीमंत शंकरदेव पुरस्कार सम्मान समारोह में शामिल होंगी



**दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अप्रैल में गुवाहाटी में आयोजित होने वाले एक विशेष समारोह में शामिल होंगी, जिसमें इस वर्ष का श्रीमंत शंकरदेव पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार साहित्य, कला, संस्कृति और पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रतिष्ठित व्यक्तियों को दिया जाता है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को राष्ट्रपति को निमंत्रण दिया और उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया है। शर्मा ने एक्स पर लिखा, मुझे माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी से मुलाकात करने का सौभाग्य मिला। मैं माननीय राष्ट्रपति का बहुत आभारी हूं कि उन्होंने हमारे राज्य का दौरा करने और अप्रैल 2025 में श्रीमंत शंकरदेव पुरस्कार प्रदान करने का हमारा निमंत्रण स्वीकार किया। उनका बहुमूल्य समय और मार्गदर्शन सचमुच सराहनीय है। इस पुरस्कार का नाम असम के वैष्णव संत और सुधारक श्रीमंत शंकरदेव के नाम पर रखा गया है। असम सरकार 1986 से साहित्य, कला, संस्कृति, पत्रकारिता आदि के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को राष्ट्रीय स्तर का श्रीमंत शंकरदेव पुरस्कार प्रदान करती रही है।


# अंतरराष्ट्रीय शूटर मनु भाकर की नानी और मामा की सड़क दुर्घटना में मौत

**दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक पदक विजेता और अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज मनु भाकर की नानी और मामा की रविवार को यहां दादरी थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वे दोनों चरखी दादरी के महेंद्रगढ़ बाइपास रोड पर स्कूटी से जा रहे थे, तभी एक कार ने उनकी स्कूटी को टक्कर दे मारी। दादरी थाने के जांच अधिकारी सहायक पुलिस निरीक्षक (एएसआई) सुरेश कुमार ने बताया कि टक्कर इतनी भयानक थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई तथा इस दुर्घटना के तुरंत बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान मनु भाकर की नानी सावित्री देवी (70) और मामा युद्धवीर (50) के तौर पर हुई है जो हरियाणा रोडवेज में चालक थे। कुमार ने बताया कि पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। उनके मुताबिक, पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। दो दिन पहले मनु भाकर को राष्ट्रपति ने मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया था जिसके बाद घर में खुशी का माहौल था। लेकिन इस हादसे के बाद उसके घर में मातम छाया हुआ है।

# विश्वास नगर के दिल में क्या है

# केजरीवाल लहर में भी यहां ओपी शर्मा ने खिलाया था कमल

**दिल्ली।** अगले महीने 5 फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में अब महज कुछ दिन ही शेष रह गए हैं। जिसको लेकर दिल्ली के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों का भ्रमण कर रही है। इस दौरान हमारी टीम ने विश्वास नगर विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर लोगों से चुनावी माहौल को समझने की कोशिश की है। पिछले दो चुनाव से आम आदमी पार्टी की लहर होने के बावजूद भी यहां भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार ओपी शर्मा कमल खिलाने में कामयाब रहे थे। बातचीत के दौरान विश्वास नगर विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं ने कहा कि इस क्षेत्र में पानी की समस्या सबसे बड़ी है। क्षेत्र में लोगों के घरों में गंदा पानी आता है, जिसके कारण उन्हें बाहर से बोतल खरीद कर पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इसलिए स्थानीय विधायक समेत दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इस समस्या की ओर प्रमुखता से ध्यान देना चाहिए। इस बार के प्रमुख चुनावी मुद्दों को लेकर




लोगों ने बताया कि अरविंद केजरीवाल ने 2100 रुपए का झुनझुना देकर वोट पाने की कोशिश जरूर की है जिसमें वे सफल नहीं होंगे। इस दौरान उन्होंने बीजेपी के द्वारा प्रचार का एक प्रमुख मुद्दा बनाए जा रहे दिल्ली के मुख्यमंत्री के सरकारी आवास शीश महल का भी मुद्दा उठाया। क्षेत्र की गलियों में पड़े हुए कचरे के ढेर को लेकर युवा मतदाताओं ने विधायक ओपी शर्मा की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने यहां के विकास में कोई रुचि नहीं दिखाई है और वे पिछले 12 सालों से विधायक हैं। जिसमें वह मुश्किल से 12 बार ही आम लोगों से मिले होंगे। विधानसभा क्षेत्र के बच्चों ने भी गलियों में जल भराव को एक प्रमुख मुद्दा बताया है। विश्वास नगर के एक अन्य बुजुर्ग मतदाता ने बताया कि ओपी शर्मा के कार्यकाल के समय क्षेत्र में बहुत से विकास के कार्य हुए हैं लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की हालत बद से बदतर तार की कर दी है। इसीलिए इस बार राजधानी की जनता अपना मुख्यमंत्री बदलने का विचार पूरी तरह से बना चुकी है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल लोगों से झूठा वादा करके उनको बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं। विश्वास नगर क्षेत्र में एक दिलचस्प नजारा भी हमारी टीम को देखने को मिला, जहां कई जगह पोस्टर लगे थे जिसमें बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा था 'भाजपा का था और रहूंगा लेकिन ओपी शर्मा का नहीं, इसीलिए इस बार मेरा वोट नोटा को।' जिसको देखकर साफ तौर पर कहा जा सकता है कि इस क्षेत्र के कई भाजपा समर्थक और पार्टी कार्यकर्ता भी अपने विधायक से खुश नहीं है। यहां की कई गरीब महिलाओं ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तारीफ करते हुए कहा कि उनके शासन के दौरान महिलाओं को काफी राहत मिली है। बिजली और पानी फ्री करने के साथ-साथ उन्होंने सड़कों और नालियों का भी बड़े पैमाने पर विकास किया है।

## समाचार

### प्रधान प्रतिनिधि की पहल पर 63 केविए का ट्रांसफार्मर लगाया गया



**तौफीक खान संवाददाता बस्ती**

**बस्ती गौर।** बावरपारा ग्राम पंचायत के भोखरी में प्रधान प्रतिनिधि की पहल पर 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया। शमीम अहमद ने बताया कि भौखरी टोला के ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर बार बार खराब होने की जानकारी दी थी। बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर 63 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराते हुए संडे को लगाया गया। इस मोके पर नयाब मोहम्मद रजा, मोहम्मद अय्यूब, उबेदुर्रहमान, राम जग, आसा राम, अशोक कुमार, राम भवन, मोहम्मद उमर, आदि लोग उपस्थित रहे।

### `किसानों के प्रति असहयोग का रवैया छोड़ें मिल प्रशासनः कृष्ण कुमार शर्मा



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** रविवार को दी किसान सहकारी चीनी मिल हसनपुर प्रबंधन पर किसानों के प्रति असहयोग का रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए मिल प्रशासन को अपने व्यवहार में सुधार लाने की चेतावनी दी है उन्होंने बताया कि गन्ना विभाग द्वारा बिना सूझबूझ के पर्चियां जारी करने से चीनी मिल ग्राउंड में गन्ने की कमी दिखाई देती है, लेकिन रविवार को किसके विपरीत ग्राउंड में लगभग ढाई सौ के करीब गन्ना लदे हुए ट्रैक्टर ट्राली, ट्रिपलर, बैलगाड़ी आदि खड़े हुए नजर आए जिनकी तोल होने में ही लगभग 24 घंटे का समय लगेगा जिससे किसानों को इस भीषण सर्दी के चलते भारी दिक्कत होगी, वही किसानों के लिए स्पेशल पर्ची जारी करना भी परेशानी वाला काम है, क्योंकि स्पेशल पचीर्या जारी होने पर गन्ना छीलने का टाइम नहीं मिल पाता है तथा उन्होंने बताया कि दिसंबर लास्ट तक का गन्ने का भुगतान मिल द्वारा किसानों को न मिलने से भी किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, अतः उन्होंने मिल प्रबंधन पर किसानों का सहयोग करने की बात कहते हुए किसानों के प्रति असहयोग का रवैया छोड़ने की चेतावनी दी है।

### महाकुम्भ दे रहा एकता का संदेश, नागालैंड का चांगलो, लेह का शोंडोल समेत 12 राज्यों के पवेलियन बने प्रतीक

**महाकुम्भनगर, 19 जनवरी :** महाकुम्भ के कैनवास पर देशभर की सांस्कृतिक विविधता का रंग चढ़ चुका है। संगम की रेत पर विभिन्न राज्यों के 12 शानदार पवेलियन सजकर तैयार हो गए हैं। उत्तर प्रदेश का महाकुम्भनगर देश का केंद्र बन गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से देश विदेश में जाकर मंत्रियों ने खुद निमंत्रण बांटे हैं, जिसका बड़ा व्यापक असर देखने को मिल रहा है। योगी सरकार के ऐतिहासिक प्रयास से एक जगह पर ही एक साथ सभी राज्यों की सांस्कृतिक समृद्धि साफ देखी जा सकती है। सेक्टर 7 यहां आपको नागालैंड का चांगलो, लेह का शोंडोल लोक नृत्य समेत दादरानगर हवेली, छत्तीसगढ़, गुजरात, एमपी, आंध्र प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान की संस्कृति का संगम देखने को मिलेगा।

### मध्य प्रदेश का आदिवासी भगोरिया नृत्य महाकुम्भ को बना रहा है और खास




**मध्य प्रदेश।** का पवेलियन इस बार जनजातीय भगोरिया नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहा है। यह नृत्य आदिवासी समुदायों की होली से पूर्व मनाए जाने वाले भगोरिया उत्सव का हिस्सा है, जिसमें रंग-बिरंगे परिधान, ढोल-मजीरे की गूंज और युवाओं का गुलाल से खेलते हुए नृत्य महाकुम्भ को और भी खास बना रहा है। इस नृत्य के माध्यम से आदिवासी संस्कृति की गहरी जड़ें और उसे संरक्षित करने का संदेश भी दिया जा रहा है। यहां दस-दस दिन के अंतराल पर धार्मिक फिल्में भी दिखाई जा रही हैं। इसके अलावा शाम 6:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक लोक नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं का मनोरंजन किया जाता है।

### नगर विधायक ने किया आरओबी का निरीक्षण

**सीतामढ़ी।** नगर विधायक डा मिथिलेश कुमार ने निमार्णाधीन अपने संकल्पित आरओबी एलसी 56 का जायेजा लेने निर्माण स्थल पर पहुंचकर आरओबी के जिला से नियुक्त नोडल पदाधिकारी संजीव कुमार एस डी ओ सदर तथा पुल निगम के सहायक अभियंता के साथ कार्य के प्रगति एवम गुणवत्ता का निरीक्षण किया।साथ में मेयर प्रतिनिधि मो आरिफ हुसैन, डुमरा सीओ डौली झा मौजूद थे। बाजार समिति के दुकान आवंटन के अनियमितता पर भी विधायक ने अनुमंडल पदाधिकारी से बात किया।विधायक ने कार्यरत श्रमिकों से बात करते हुए कहा राष्ट्र निर्माण में आप सबों का अतुलनीय योगदान है।श्रमिकों के चेहरे पर मुस्कान खिल उठा, भा ज पा के कुशल श्रमिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक श्री मान राहुल सिंह जी ने कार्यरत श्रमिकों एवं कारीगरों के बीच मकर संक्रांति के सौगात तिलकुट बांटकर उनका सम्मान किया।

## रोटरी क्लब आकर्षण हसनपुर द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 355 लोगों की हुई निशुल्क जांच

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** रविवार को नगर में रोटरी क्लब आकर्षण हसनपुर द्वारा स्वास्थ्य रोग जांच शिविर का निशुल्क आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ रोटेरियन एवं नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजपाल सैनी ने फीता काटकर किया, सर्वप्रथम पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने अपनी समस्त जांच कराई तथा शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरो द्वारा हृदय रोग, नेत्र रोग, जनरल फिजिशियन, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर एवं अन्य रोगों की जांच निशुल्क की गई, जिसमें 355 लोगों ने अपनी निशुल्क जांच कराई, तथा 19 आंखों के रोगी को निशुल्क आंखों का ऑपरेशन वगैरा किए जाने के लिए रेफर किया गया, इस मौके पर क्लब की अध्यक्षा संगीता अग्रवाल ने बताया कि रोटरी क्लब (आकर्षण ) हसनपुर द्वारा समय-समय पर समाज सेवा के कार्य किए जाते रहते हैं इसी क्रम में यह महत्वपूर्ण समाज सेवा का कार्य क्लब के सभी सदस्यों के सहयोग से एवं मेट्रो हॉस्पिटल एवं हृदय संस्थान के विशेषज्ञ डॉक्टरो के सहयोग से किया गया, इस मौके पर मुख्य रूप से रोटेरियन राजपाल सैनी, आदेश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल सर्राफ, लवकेश अग्रवाल, कुलभूषण सक्सेना, विमल अग्रवाल, सतीश चंद्र अग्रवाल, डॉ पुनीत गुप्ता, डॉक्टर संदल अग्रवाल, राजपुरुष अग्रवाल, मोहित शर्मा, संजय गर्ग, आयुष रस्तोगी, तरुण अग्रवाल, शरद अग्रवाल, अमित अग्रवाल, विवेक गर्ग, अभिषेक जिंदल, दीपिका अग्रवाल, पुलकित अग्रवाल, दीपांशु अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, रुचि अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, प्राची रस्तोगी, नैंसी अग्रवाल, निशा शर्मा आदि क्लब के सदस्य व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब आकर्षण हसनपुर द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 355 लोगों की हुई निशुल्क जांच

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** रविवार को नगर में रोटरी क्लब आकर्षण हसनपुर द्वारा स्वास्थ्य रोग जांच शिविर का निशुल्क आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ रोटेरियन एवं नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजपाल सैनी ने फीता काटकर किया, सर्वप्रथम पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने अपनी समस्त जांच कराई तथा शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरो द्वारा हृदय रोग, नेत्र रोग, जनरल फिजिशियन, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर एवं अन्य रोगों की जांच निशुल्क की गई, जिसमें 355 लोगों ने अपनी निशुल्क जांच कराई, तथा 19 आंखों के रोगी को निशुल्क आंखों का ऑपरेशन वगैरा किए जाने के लिए रेफर किया गया, इस मौके पर क्लब की अध्यक्षा संगीता अग्रवाल ने बताया कि रोटरी क्लब (आकर्षण ) हसनपुर द्वारा समय-समय पर समाज सेवा के कार्य किए जाते रहते हैं इसी क्रम में यह महत्वपूर्ण समाज सेवा का कार्य क्लब के सभी सदस्यों के सहयोग से एवं मेट्रो हॉस्पिटल एवं हृदय संस्थान के विशेषज्ञ डॉक्टरो के सहयोग से किया गया, इस मौके पर मुख्य रूप से रोटेरियन राजपाल सैनी, आदेश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल सर्राफ, लवकेश अग्रवाल, कुलभूषण सक्सेना, विमल अग्रवाल, सतीश चंद्र अग्रवाल, डॉ पुनीत गुप्ता, डॉक्टर संदल अग्रवाल, राजपुरुष अग्रवाल, मोहित शर्मा, संजय गर्ग, आयुष रस्तोगी, तरुण अग्रवाल, शरद अग्रवाल, अमित अग्रवाल, विवेक गर्ग, अभिषेक जिंदल, दीपिका अग्रवाल, पुलकित अग्रवाल, दीपांशु अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, रुचि अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, प्राची रस्तोगी, नैंसी अग्रवाल, निशा शर्मा आदि क्लब के सदस्य व गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## महापुरूषों को किया नमन, सम्मान समारोह में किया जरूरतमंदों में कम्बल वितरण

**तौफीक खान संवाददाता बस्ती**



**हरैर्या, बस्ती।** रविवार को बुद्ध विहार हरैर्या के सभागार में समाजसेवी अनिल गौतम, कृपाशंकर, शिवगणेश, अश्विनी कुमार, अखिलेश कुमार और अनिल आजाद के संयुक्त पहल पर पूर्व संस्थापक आर.बी. त्रिशरण की स्मृति में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती 14 अप्रैल 2024 के भव्य आयोजन में हिस्सा लेने वालों को सम्मानित कर उत्साहवर्धन कर जरूरतमंदों में कम्बल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर बाल गंगाधर बागी ने कहा कि बाबा साहब से शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो का जो संदेश दिया था उस मार्ग पर चलकर ही लक्ष्य की पूर्ति होगी। विशिष्ट अतिथि शिवराम कन्नौजिया, डा. विनोद कुमार, बनवारीलाल कन्नौजिया, विवेक कुमार, रामलनन गौतम, विश्राम राव, शिव रतन, वी.पी. सक्सेना आदि ने कहा कि बुद्ध विहार हरैर्या का बड़ा योगदान रहा है। आर.बी. त्रिशरण ने विचारों की जो नींव डाली उसे लगातार विकसित किये जाने की जरूरत है। इस मौके पर अतिथियों और उपस्थित लोगों ने महापुरूषों के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आर.एल. गौतम, छेदीलाल, आर.के. आरतियन, बुद्धेश राणा, नन्द कुमार, शेखर, रामबरन, वृजेश कुमार, लवकुश, प्रदीप कुमार, रघुनन्दन आजाद, तुलसीराम, शिवदास, रमेश कुमार, रामशंकर के साथ ही बड़ी संख्या में अनेक सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## संचार, स्वच्छता और सुरक्षा की व्यवस्था और पुख्ता बनाएंः मुख्यमंत्री




**महाकुम्भ, 19 जनवरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी के अवसर पर महाकुम्भ मेला क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन और संचार तंत्र को और बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी के अवसर पर अमृत स्नान के दौरान पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता चाहिए। भीड़ प्रबंधन की दृष्टि से इन विशेष दिवसों पर पांटून पुल पर आवागमन वन-वे रखा जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी के अवसर पर पूरे मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया जाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि श्रद्धालुओं की आस्था का पूरा सम्मान होना चाहिए। जिसे भी किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो, व्यवस्था में लगे लोग आगे बढ़कर मदद करें।

रविवार को प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री ने पहले मेला क्षेत्र का भ्रमण किया और फिर अधिकारियों के साथ बैठक कर आगे की व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी दिनों में राष्ट्रपति जी उपराष्ट्रपति जी, प्रधानमंत्री जी और केंद्रीय गृह मंत्री जी सहित अनेक गणमान्य जनों का प्रयागराज में आगमन प्रस्तावित है। 22 जनवरी को प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक भी यहां होगी। इस संबंध में सभी आवश्यक तैयारियां समय से कर ली जानी चाहिए। आइसीसीसी सभागार में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान स्थिति के अनुसार मेला परिसर में लगभग डेढ़ करोड़ श्रद्धालु उपस्थित हैं। अब तक 07 करोड़ से अधिक लोग त्रिवेणी स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि पौषपूर्णिमा और मकर संक्रांति पर आस्था का जन समुद्र उमड़ा था, यह सुखद रहा कि हर आगंतुक श्रद्धालु संतुष्ट होकर यहां से गया। अब आगामी मौनी अमावस्या के मौके पर 08-10 करोड़ लोगों के आगमन का अनुमान है। इससे पहले गणतंत्र दिवस पर भी बड़ी संख्या में लोगों का आगमन होगा। ऐसे में लोगों की सुविधा और सुरक्षा के दृष्टिगत पुख्ता प्रबंध होने चाहिए। बिजली और पेयजल आपूर्ति हो, शौचालय और उसकी सफाई हो, पांटून पुलों का अनुरक्षण हो, अथवा भीड़ के मूवमेंट की रणनीति, हर एक बिंदु पर अच्छी तैयारी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यातायात प्रबंधन/गाड़ियों की पार्किंग के बारे में लगातार प्रचार-प्रसार किया जाए। मुख्यमंत्री ने मेलाक्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क को और बेहतर करने की भी जरूरत बताई। उन्होंने कहा मीडिया और पुलिस हो या आम श्रद्धालु, मोबाइल नेटवर्क की जरूरत सभी को पड़ती है। मौनी अमावस्या के दृष्टिगत टॉवर क्षमता और कवरेज को और बेहतर किया जाना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी के अवसर पर प्रयास करें कि जो लोग जिस ओर से आ रहे हैं, वहीं के निकटस्थ घाट पर स्नान कर सकें। उन्होंने स्नानार्थियों को कम से कम पैदल चलने के लिए आवश्यक प्रबंध के निर्देश दिये।

## महाकुम्भ का एक ही संदेश, एकता से ही अखंड रहेगा देशः सीएम योगी




**महाकुम्भ नगर, 19 जनवरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रयागराज दौरे पर मौनी अमावस्या से पूर्व तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा के बाद पत्रकारों के साथ वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और दुनिया से बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाकुम्भ आ रहे हैं। तमाम विदेशी श्रद्धालु भी संगम में स्नान कर अभिभूत नजर आ रहे थे। यूरोप से जुड़े कुछ पर्यटक मिलने आए थे और प्रयागराज की महिमा का जिस भाव से गान कर रहे थे, वह अभिभूत करने वाला था। वो हिंदी नहीं जानते, संस्कृत नहीं जानते, लेकिन हिंदी की चौपाई, संस्कृत के मंत्रों, अवधी की चौपाइयों को और सनातन धर्म से जुड़े स्त्रोत और मंत्रों को सस्वर गा रहे थे। मां गंगा और यहां के धामों के प्रति एक श्रद्धा का भाव उनमें देखने को मिल रहा था। यही तो प्रधानमंत्री जी का संदेश है। महाकुम्भ का एक ही संदेश, एकता से ही अखंड रहेगा यह देश। एकता और अखंडता के संदेश के साथ हम सभी जुड़ रहे हैं।

**एक करोड़ लोग महाकुम्भ में मौजूद**

सीएम योगी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि महाकुम्भ का आयोजन जिसके लिए प्रयागराज जाना जाता है, पूरी भव्यता के साथ आयोजित हो रहा है। महाकुम्भ के लिए प्रधानमंत्री जी ने जो विजन दिया है उसको स्थानीय स्तर पर लागू करने के लिए सभी लोग पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। इसके लिए आप सभी को धन्यवाद दूंगा कि प्रयागराज की छवि को एक सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाने का कार्य किया है। पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति के मुख्य स्नान संपन्न हो चुके हैं और अब मौनी अमावस्या 29 जनवरी और बसंत पंचमी 3 फरवरी को दो बड़े महास्नान होने हैं जो इस महाकुम्भ की शोभा भी हैं। 7 हजार से अधिक संस्थाएं अब तक यहां पर आ चुकी हैं। आज पूरे महाकुम्भ एरिया का एरियल सर्वे किया है। प्रात काल से संगम तट पर स्नान करने वालों और यहां रहने वाले कल्पवासियों के साथ ही अन्य संस्थाओं से जुड़े हुए लोगों की पूरी संख्या को यदि देखेंगे तो लगभग एक करोड़ से अधिक लोग यहां मौजूद हैं। इतनी बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए पूरी तत्परता से यहां पर केंद्र और राज्य के सभी विभाग मिलकर कार्य कर रहे हैं। भव्य, दिव्य और डिजिटल कुम्भ की परिकल्पना को साकार करने के साथ ही श्रद्धालुओं की आस्था को सम्मान देते हुए आधुनिकता के साथ जोड़ने का कार्य हो रहा है।

## सनातन के ध्वज वाहक अखाड़ों में नारी सशक्तीकरण का साक्षी बना महाकुम्भ



**महाकुम्भ नगर,19 जनवरी।** सनातन की शक्ति है महाकुम्भ का श्रृंगार कहे जाने वाले 13 अखाड़े। महाकुम्भ के मौनी अमावस्या के अमृत स्नान के पहले इन अखाड़ों में फिर नागा संन्यासियों बनाने का सिलसिला चल रहा है। बड़ी संख्या में अखाड़ों में नव प्रवेशी साधुओं को दीक्षा देने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसमें भी नारी शक्ति की भागीदारी भी तेजी से बढ़ी है।

**100 से अधिक महिलाओं ने ली नागा संस्कार की दीक्षा**

प्रयागराज महाकुम्भ नारी सशक्तीकरण को लेकर भी नया इतिहास लिख रहा है। महाकुम्भ में मातृ शक्ति ने अखाड़ों से जुड़ने में गहरी रुचि दिखाई है। रविवार को संन्यासिनी श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े में सौ से अधिक महिलाओं को महिला नागा की दीक्षा दी गई।

संन्यासिनी श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े की महिला संत दिव्या गिरी बताती हैं कि रविवार महाकुम्भ में अकेले श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के अंतर्गत 100 से अधिक महिलाओं की संन्यास दीक्षा दी गई। संन्यासिनी श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े में इसे लेकर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया चल रही है जिसके पहले चरण में 102 महिला संत को नागा दीक्षा दी गई। अपने शाखा गुरु के साथ सेवा, समर्पण और त्याग की 12 साल तक परीक्षा देने के बाद इन्हें अवधूतानी का दर्जा मिला था। यही अवधूतानी गंगा के तट पर समूह में पहुंची, जहां उन्हें सूत का बिना सिला पौने तीन मीटर का कपड़ा पहनाकर उनका मुंडन संस्कार किया गया। गंगा स्नान के उपरांत इनके हाथ में एक कमंडल , गंगा जल और एक दंड दिया गया। जिसे लेकर वह शेष संस्कार जिसमें पहले ध्वजा के नीचे और गंगा जी में पूरा करेंगी। अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी अंतिम दीक्षा देंगे।

## राहत कार्यों की पल-पल की अपडेट लेते रहे पीएम और सीएम

**महाकुम्भनगर, 19 जनवरी :** महाकुम्भ में सुरक्षा को लेकर योगी सरकार ने जो दावे किए थे वो रविवार को आग की घटना के दौरान पूरी तरह खरे उतरे। सेक्टर 19 में लगी आग पर चंद मिनटों में प्रशासन ने काबू पा लिया और एक भी जनहानि नहीं होने दी। पूरी घटना पर सीएम योगी ने पैनी नजर रखी और स्वयं घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पीएम मोदी को भी घटना की विस्तृत जानकारी दी। इस बीच, सीएम योगी की संवेदनशीलता भी दिखाई दी, जब उन्होंने घटनास्थल पर जा रही फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को रास्ता देने के लिए अपनी फ्लीट को भी रुकवा दिया।

**सीएम योगी ने पीएम को दी पूरी जानकारी**

आग की घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और अफसरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फोन पर मेला क्षेत्र में आग लगने की घटना की पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को घटनास्थल की स्थिति और राहत कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फायर ब्रिगेड और एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीमों द्वारा समय रहते आग पर काबू पा लिया गया और कोई भी हताहत नहीं हुआ।

**त्वरित करवाई में जुटा प्रशासन**

वहीं, एडीजी भानु भास्कर ने कहा कि आग की सूचना लगभग 4 बजे मिली। सूचना मिलते ही प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। कुछ टेंट में आग लगी थी, जिसे तुरंत बुझा लिया गया। आग पर नियंत्रण पाने के लिए आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल किया गया। डीएम रविन्द्र कुमार मांदड़ ने बताया कि जैसे ही महाकुम्भ क्षेत्र के गीताप्रेस में आग लगने की सूचना मिली, वैसे ही प्रशासन की टीम अलर्ट हो गई। अग्निशमन, पुलिस और प्रशासन की टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई। गीताप्रेस के साथ प्रयागवाल के भी टेंट में आग लगने की सूचना मिली थी, जिस पर समय रहते काबू कर लिया गया।

## महाकुम्भ 2025: श्रद्धालुओं के अमृत स्नान की लाइफ लाइन बने पीपे के पुल



**महाकुम्भनगर, 19 जनवरी।** महाकुम्भ के भव्य आयोजन में पीपे के पुलों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण हो गई है। विराट आयोजन में संगम क्षेत्र और अखाड़ा क्षेत्र के बीच पीपे के पुल अद्भुत सेतु का काम कर रहे हैं। प्रशासन ने 40 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले मेले को 25 सेक्टरों में विभाजित किया है। पीपे के पुल महाकुम्भ का अभिन्न अंग हैं। ये पुल कम रखरखाव वाले होते हैं, लेकिन इनकी 24 घंटे निगरानी जरूरी होती है।

**पीपे के पुलः प्राचीन तकनीक और आधुनिकता का अद्भुत संगम**

लोक निर्माण विभाग के अभियंता आलोक कुमार ने बताया कि पीपे के पुल अस्थायी पुल है। पानी की सतह पर तैरने वाले लोहे के बड़े खोखले डिब्बों (पांटून) के सहारे बनाया जाता है। इन्हें प्रयागराज में आम बोलचाल की भाषा में ह्यपीपे का पुलह्ण कहा जाता है। महाकुंभ 2025 में श्रद्धालुओं को सहज आवाजाही देने के लिए बनाए गए ये पुल न केवल आम नागरिकों बल्कि 13 अखाड़ों की भव्य छावनी प्रवेश और अमृत स्नान, राजसी स्नान के दौरान रथ, हाथी-घोड़े और 1,000 से अधिक वाहनों के आवागमन को भी सुनिश्चित कर रहे हैं।

**15 महीनों में 30 पीपे के पुलों का 2213 पांटून से निर्माण**

अगस्त 2023 में उन्हें इस विराट कार्य की जिम्मेदारी दी गई थी। महाकुम्भ के लिए 30 पीपे के पुलों के निर्माण में 2,213 पांटून (विशाल लोहे के खोखले डिब्बे) का उपयोग किया गया, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। इस परियोजना में 1,000 से अधिक मजदूरों, इंजीनियरों और अधिकारियों ने 14-14 घंटे तक काम किया। अक्टूबर 2024 तक इन पुलों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया और मेला प्रशासन को सौंप दिया गया।

## पूरनपुर पुलिस की रात्रि गस्त की खुली पोल, सात घरों में चोरी की वारदात, पुलिस की कार्य प्रणाली पर उठे सवाल ?

**संवाददाता मंजीत शर्मा**

**पीलीभीत पूरनपुर।** पूरनपुर में बीती रात चोरों का आतंक देखने को मिला है। जिसके चलते उन्होंने पूरनपुर में सात घरों से चोरी की घटना को अंजाम दिया है चोरों ने खराब मौसम का फायदा उठाकर सात घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला चोरों ने घरों के ताले तोड़कर लाखों का जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया चोरी की घटना के बाद मोहल्ले में दहशत का माहौल है चोरों ने रियाजुद्दीन के घर में सबसे पहले चोरी की चोरों ने घर के मेन गेट का ताला तोड़कर अन्दर पहुँचे और गोदरेज तथा संदूक के ताले तोड़कर सोने की झुमकी, बुंदे, टप्स, दो जोड़ी पायल, खडुवे, ताबीज और 5 हजार की नकदी चोरी कर ली। इसके बाद चोर दीवार फांदकर इबने हसन के घर में आ गए और ताले तोड़कर झुमकी, दो पेंडल, अंगूठी, हाथ फूल, दो जोड़ी पायल, चांदी की अंगूठी दो जोड़ सोने की बाली, बेसर और बहन साजमा की शादी को रखी नगदी और जेवर चोरी कर लिया। चोरों ने हनीफ, हसीर अहमद, अकील और कफील के घरों में भी चोरी की पुलिस ने घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर पड़ताल की है घटना को लेकर लोगों में असुरक्षा की वजह से दहशत का माहौल है। इस घटना ने पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठा दिए हैं साथ ही पुलिस की रात्रि गस्त की पोल भी खोल दी है। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है और दोषियों को जल्द पकड़ लिया जाएगा।

# आमने-सामने हुई बाइक भिड़ंत में दोनों बाइक चालकों की मौत

■ कोंच

दो बाइकों के बीच आमने सामने हुई जोरदार भिड़ंत में दोनों बाइकों के चालको की मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार कुठौद क्षेत्र के ग्राम हदरुख निवासी गोलू उम्र 25 वर्ष अपने पिता भगवानदास के साथ कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भेंड़ में रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए आया हुआ था। शाम को गोलू अपने पिता को बाइक पर बैठाकर किसी काम से कोंच आ रहा था तभी रास्ते में स्थित ग्राम गुरावती की मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रही एक दूसरी बाइक से उसकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गयी। तेज रफ्तार दोनों बाइकें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयीं।

टक्कर में गोलू और उसके पिता भगवानदास सहित दूसरी बाइक चालक युवक गोपाल पटेल उम्र 21 वर्ष पुत्र मुकेश निवासी ग्राम नरी थाना कैलिया गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके से गुजर रहे राहगीरों और पुलिस की मदद से तीनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहाँ से चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन यहां से भी तीनों को झाँसी मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। मेडिकल कालेज में उपचार के दौरान देर रात गोलू की मौत हो गयी जबकि हालत में सुधार न होने पर यहां से गोपाल को ग्वालियर के लिए रेफर कर दिया गया लेकिन ग्वालियर में उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गयी। भगवानदास की हालत ठीक होने पर छुट्टी कर दी गयी।

# इटोरा तालाब से युवती का शव बरामद

■ उरई

थाना आटा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम इटौरा के तालाब में एक लडकी का शव बरामद होने की खबर पाकर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया, वही शव की शिनाख्त भी गाँव की लड़की अर्पिता पुत्री हरिशचंद्र के रूप में हुई हैं।

कार्यवाही के सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी कालपी द्वारा बताया गया कि अकबर पूर इटोरा निवास हरिशचंद्र पुत्र मटोले द्वारा सूचना दी गयी कि उस कि पुत्री अर्पिता गायब है, जिस पर पुलिस न अभियोग पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी, दिनांक 18-1-25 को जब इटोरा के तालाब से एक लड़की का शव बरामद हुआ तब उस की शिनाख्त अर्पिता के रूप में हुई, पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिये भिजवा दिया है, उन्होंने बताया कि मृतिका की बहिन ने उसे डाट दिया था, उस के बाद वह घर के बाहर आ गयी थी,बाद में इस का शव तालाब से बरामद हुआ, फिलहाल पोमार्टम के लिये शव भेजा गया है, रिपोर्ट आने द्म बाद स्थिति स्पष्ट होंगी।

# मूंगफली की दुकान मुख्य मार्ग पर लगाए जाने से राहगीरों को दिक्कत

■ जालौन-उरई

मूंगफली की दुकान मुख्य मार्ग पर लगाए जाने से राहगीरों को दिक्कत होती है और जाम भी लगता है। राहगीरों ने दुकान को सड़क से हटाकर लगवाने की मांग अधिकारियों की है।

नगर के मुख्य बाजार बैठगंज में सब्जी मंडी और टाउन बिजलीघर की मोड़ पर राजा मूंगफली सेंटर के नाम से दुकान है। इस दुकान के संचालक द्वारा दुकान को बाहर सड़क तक अतिक्रमण करके लगाया जा रहा है। सड़क पर अतिक्रमण करके लगाई जा रही दुकान के चलते बाजार में आने वाले राहगीरों को दिक्कत होती है। इसी दुकान के साथ ही मोड़ भी है। ऐसे में वाहन चालकों को भी दिक्कत होती है। एक साथ वाहन आने पर यहां जाम की स्थिति बन जाती है। यही पर मूंगफली की भुनाई भी होती है। सड़क पर ही दुकान लगाए जाने और मूंगफली की भुनाई होने से अतिक्रमण होता है। चार पहिया वाहन या अन्य वाहन आने पर यहां से निकलने में दिक्कत होती है। यदि जाम लगता है तो लोगों को जाम में काफी परेशान होना पडता है और दिक्कत उठानी पडती है। यहां से निकलने वाले राहगीरों ने बताया कि मुख्य मार्ग पर दुकान लगाए जाने से न सिर्फ वाहन चालकों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है बल्कि पैदल चलने वाले राहगीरों को भी दिक्कत होती है। यदि दुकान को अंदर की किया जाए तो समस्या का समाधान हो सकता है। अन्यथा की स्थिति में जाम की समस्या लगातार बनी रह सकती है। उन्होंने अधिकारियों से मांग करते हुए कहा कि दुकान संचालक को इस संबंध में निर्देशित किया जाए और दुकान को सड़क तक लगाने से रोका जाए। ताकि राहगीरों और वाहन चालकों को दिक्कत का सामना न करना पड़े।

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित

■ उरई






प्रधानमंत्री ने आज ग्रामीण भारत को एक बड़ी सौगात दी। उन्होंने 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 50,000 से अधिक गांवों में संपत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए। यह वितरण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में किया गया।

जिसका लाइव प्रसारण विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में सांसद नारायण दास अहिरवार, विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा, विधायक माधौग? मूलचंद निरंजन, विधायक कालपी विनोद चतुर्वेदी, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद कुमार चौहान, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल ने सुना व देखा, ततपश्चात लाभार्थियों को स्वामित्व योजना के तहत 250 ग्रामीणों को घरौनी वितरित की गई।

प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, ÷आज का दिन देश के गांवों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक ऐतिहासिक दिन है।÷ इस कार्यक्रम में ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र तथा गुजरात के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

प्रधानमंत्री ने कहा, ÷हजारों ग्राम पंचायतों से जुड़े सभी साथी, स्वामित्व योजना के लाखों लाभार्थी, यह कार्यक्रम अपने आप में बहुत व्यापक और महत्वपूर्ण है। आप सभी ने इसे उत्साह के साथ सफल बनाया है। मैं सभी को बधाई देता हूं।मा0 प्रधानमंत्री जी ने इस अवसर पर ग्रामीणों के सशक्तिकरण और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार को लेकर अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। प्रधानमंत्री जी ने कहा कि उनकी सरकार ईमानदारी से ग्राम स्वराज को जमीन पर उतारने के लिए काम कर रही है और स्वामित्व योजना से गांवों के विकास की योजना और उसके क्रियान्वयन में सुधार हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि विकसित भारत के निर्माण में नारीशक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है और पिछले दशक में माताओं-बेटियों के सशक्तिकरण को हर बड़ी योजना का हिस्सा बनाया गया है।

सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने कहा कि महत्वाकांक्षी स्वामित्व योजना से लाभार्थियों को बहुत फायदा हुआ है, जिनके पास वर्षों से अपने मकान के कागजात नहीं थे। उन्होंने कहा कि यह योजना विशेष रूप से गरीब और श्रमिक वर्ग के लिए सहायक साबित हो रही है, क्योंकि अब वे आसानी से अपने मकान के कागजात दिखाकर बैंक से लोन प्राप्त कर सकते हैं और अन्य सरकारी योजनाओं का भी लाभ उठा सकते हैं।

विधायक ने कहा कि जनपद में अब तक 193,041 ग्रामीणों को स्वामित्व योजना के तहत प्रॉपर्टी कागजात प्रदान किए जा चुके हैं, जिससे उनका जीवन आसान और सुरक्षित हुआ है। इस योजना से न केवल कागजी दस्तावेजों का अभाव दूर हुआ है, बल्कि ग्रामीणों के लिए कई नई अवसरों का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि जनपद में स्वामित्व योजना के तहत जनपद को संतृप्त किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को स्वामित्व योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है, जो उनके जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव ला रहा है, न केवल समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को सहारा मिला है, बल्कि यह ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

## 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जालौन-उरई।** 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ छिरिया मलकपुरा चौकी पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा है। जिसके खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी मदनपाल को सूचना मिली कि लहरऊआ बंबी के पास से संदिग्ध व्यक्ति नशीला पदार्थ लेकर जा रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने राजबहादुर निवासी लहचूरा को रोककर जब उनकी तलाशी ली तो पुलिस ने उनके पास से 20 क्वार्टर देशी शराब के बरामद किए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है ।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डायलिसिस मशीन लगाई जाने की मांग

■ जालौन-उरई

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन में डायलिसिस मशीन लगाई जाने की मांग समाजसेवियों द्वारा की जा रही थी। समाजसेवी की मांग पर सीएमओ ने समाजसेवी को अवगत कराया है कि उनकी मांग को शासन तक भेजा गया है। स्वीकृत होने पर जालौन व कोंच सीएचसी में डायलिसिस यूनिट की स्थापना कराई जाएगी।

कुठौदा बुजुर्ग निवासी गजेंद्र सिंह सेंगर, विपुल दीक्षित, वैभव अग्रवाल, अकरम सिद्दीकी, अफजाल अहमद, प्रतीकांत चंसौलिया, महेंद्र शिवहरे आदि ने मांग करते हुए बताया था कि नगर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन 500 से लेकर 800 तक मरीज अपना इलाज कराने आते हैं। ग्रामीण अंचल में माधौगढ़, बंगरा, रामपुरा कुठौद, रेढ़र, नावली, शंकरपुर आदि दूर-दराज गांव के लोग भी इलाज कराने के लिए प्रतिदिन सीएचसी आते हैं। सीएचसी में डायलिसिस की सुविधा न होने से मरीजों को परेशान होना पड़ता है। क्षेत्र में सैंकड़ों की संख्या में ऐसे मरीज हैं जिन्हें डायलिसिस की आवश्यकता पड़ती है। उन्हें डायलिसिस के लिए बाहर जाना पड़ता है। इसमें उनका हजारों रुपये आने जाने में ही खर्च हो जाता है। ऐसे में डायलिसिस कराने में ही परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच जाता है। यदि सीएचसी में डायलिसिस की सुविधा शुरू करा दी जाती है तो मरीजों को निश्चित तौर पर इसका लाभ मिलेगा।

उनकी इस मांग पर सीएमओ ने समाजसेवी को लिखित रूप से अवगत कराया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन व कोंच में डायलिसिस मशीन की स्थापना के लिए जिले के प्रभारी मंत्री संजय गंगवार को अवगत कराया गया है। साथ ही इस आशय का पत्र महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएं को भी भेजा गया है। स्वीकृति के उपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन व कोंच में डायलिसिस यूनिट की स्थापना करा दी जाएगी।

# महिलाओं से जुड़ी समस्याओं से संबोधित ज्ञापन गुलाबी गिरोह ने एसडीएम को सौंपा

■ कोंच




गुलाबी गिरोह की महिलाओ ने महिलाओं से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर सीएम को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

पुरुस्वार्थ महिला सेवा संस्थान और गुलाबी गिरोह सेना की मुख्य कमांडर अंजू शर्मा के नेतृत्व में करीब आधा सैकड़ा महिला सदस्यों ने तहसील कार्यालय पर एकत्रित होकर उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की तमाम पात्र महिलाओं ने पीएम आवास योजना का फॉर्म भर कर जमा किया है। जमा फार्मों की विभाग द्वारा जांच भी पूरी कर ली गयी है इसके बाद भी आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है जिससे तमाम गरीब वर्ग की महिलाओं को परिवार सहित कच्चे घरों में रहना पड़ रहा है। वहीं महिला उत्पीड़न की घटनाओं को लेकर कहा कि घटनाओं में शामिल आरोपियों को पुलिस द्वारा कड़ा सबक नहीं सिखाया जा रहा है जिससे अपराधियों में कानून का जरा भी भय नहीं दिख रहा है और वह घटनाएं कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों में पढ़ने वाली बालिकाओं की सुरक्षा न होने से छेड़छाड़ की घटनाएं बढ़ रहीं हैं। इन सब समस्याओं पर प्रभावी कार्यवाही की मांग के साथ ही सर्दी से बचाव के लिए गरीब वर्ग की महिलाओं को कंबल दिए जाने की मांग ज्ञापन में की गयी। इस दौरान रामबेटी, पार्वती, सपना, रानी, सरोज, ममता, संगीता, आरती, मीना, जानकी, दुर्गा आदि तमाम महिलाएं मौजूद रहीं।

# ग्रामीणों का आरोप: मांडरी स्थित गौशाला में एक सप्ताह में एक दर्जन से अधिक गौवंशों की मौत

■ जालौन-उरई

सर्दी के मौसम में गोशाला में गोवंशीय पशुओं की मौतें होना शुरू हो गई हैं। ग्राम मांडरी स्थित गोशाला में बीते एक सप्ताह में एक दर्जन से अधिक गोवंशों की मौत होने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। मौत के बाद गोवंशों के शवों को ट्रैक्टर से घसीटकर हुए गोशाला से बाहर माइनर में फेंका जा रहा है। मृत गोवंशों का अंतिम संस्कार न होने से ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने मृत गोवंश को सम्मान के साथ दफन कराने की मांग जिलाधिकारी से की है।

शासन स्तर के साथ ही जिलाधिकारी स्तर पर भी लगातार गोशालाओं के संचालन में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए जाते रहते हैं। गोशालाओं में सर्दियों के मौसम में सर्दी से बचाव की पर्याप्त व्यवस्था के साथ ही नियमित पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के भी निर्देश दिए जाते हैं। इतना ही नहीं अधिकारी स्वयं समय समय पर इन गोशालाओं का निरीक्षण करते हैं। इसके बाद भी गोशालाओं में व्यवस्थाएं नहीं सुधर नहीं हैं और सर्दी के मौसम में गोवंशों की मौत की खबरें आने लगी हैं।

ग्रामीण शैलेंद्र कुमार, राम बिहारी, राम लखन, रामलला, सौरभ निवासीगण पहाड़पुरा बताते हैं कि ग्राम मांडरी में गोशाला दुर्दशा का शिकार है। एक सप्ताह से ज्यादा समय से लगातार गोवंशों की मौत हो रही है। गोशाला में गोवंशों की मौत ही नहीं हो रही है। मृत गोवंशों के शव के साथ अमानवीय व्यवहार भी किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि मृत गोवंश को ट्रैक्टर से बांधकर रास्ते में घसीटते हुए शव को बाहर निकाला जाता है। साथ ही शव को दफनाने की जगह माइनर में फेक दिया जाता है। माइनर में पड़े शवों को कुत्ते नोच नोंचकर खा रहे हैं। इसके बाद भी भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। बीते एक सप्ताह में एक दर्जन से अधिक गोवंशों की मौत चुकी है। माइनर में पड़े गोवंशों के शवों से दुर्गंध आ रही है। दुर्गंध के चलते आसपास के किसान परेशान हैं। ग्रामीणों ने डीएम से मांग करते हुए कहा कि गोशाला में मृत गोवंशों की जांच कराई जाए और गोवंशों के मौत के जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। साथ ही मृत गोवंश को सम्मान के साथ दफन कराने के लिए जिम्मेदारों को निर्देशित किया जाए। प्रधान प्रतिनिधि भगवती शरण ने बताया कि उन्हें इस संबंध में जानकारी नहीं है।

# एसडीएम को ज्ञापन देकर मारकंडेश्वर पर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने मांग की

■ कोंच



मारकंडेश्वर तिराहे पर डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित कराये जाने की मांग करते हुए सीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया।

बसपा के वरिष्ठ नेता चौ.रामसेवक अहिरवार, सभासद महेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिककरी ज्योति सिंह को ज्ञापन देकर कहा कि बीते करीब 28 वर्षों से बाबा साहब की प्रतिमा ढकी हुई रखी है। उक्त प्रतिमा को अन्य महापुरुषों की तरह ही स्थापित कराये जाने की मांग कई बार की गयी है लेकिन प्रतिमा स्थापित नहीं हो सकी है। बाबा साहब सर्वसमाज के महापुरूष हैं इसलिए कोतवाली में रखी उनकी प्रतिमा नगर पालिका द्वारा स्थानीय मारकंडेश्वर तिराहे पर स्थापित करायी जाये। ज्ञापन देने वालों में रामशरण कुशवाहा, नवल किशोर जाटव, राजकुमार पड़रिया, हल्के सिंह बघेल, ब्रह्म सिंह कुशवाहा, सुनील कुशवाहा, संतोष, बृजेश, सुधीर रावत, उमाचरण कुशवाहा, कुंदन कुशवाहा, अशोक कुमार, रविन्द्र आदि शामिल रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम बेला में कथा व्यास ने किया सुदामा चरित्र का वर्णन

■ कोंच




उरई रोड स्थित पूर्व ब्लॉक प्रमुख के आवास पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में सप्तम दिवस की विश्राम वेला में कथा व्यास पं. राजेश्वर महाराज ने सुदामा चरित्र की कथा का वर्णन किया कथा सुनाते हुए कहा कि परमात्मा बिना मांगे ही भक्तों को सब कुछ प्रदान कर देता है। जिस प्रकार भगवान द्वारिकाधीश ने अपने परम भक्त और बालसखा सुदामा को बिना मांगे ही दो लोकों का ऐश्वर्य प्रदान कर दिया था। उन्होंने कहा, परमात्मा में आसक्ति मनुष्य को सांसारिक मोह माया से मुक्त करने वाली है और जीव भवबंधन से पार पा जाता है।कथा प्रवाह को आगे बढ़ाते हुए कथा व्यास ने पौंड्रक और जरासंध वध की कथाएं सुनाई। उन्होंने रुक्मिणी हरण और भगवान द्वारिकाधीश से उनके विवाह की कथा का रोचक वर्णन किया। सुदामा चरित्र की कथा में उन्होंने कहा, ब्राह्मण सुदामा भगवान द्वारिकाधीश के परम भक्त और बालसखा हैं। साधनहीन होते हुए भी वह भगवान में पूरी तरह आसक्त हैं और भगवान का गुणगान करते हुए भिक्षा में जो कुछ भी मिल जाता उसी में संतुष्ट रहते हुए वह अपनी गृहस्थी की गाड़ी खींच रहे हैं। एक बार जिद करके उनकी पत्नी ने उन्हें द्वारिकाधीश के पास जाने के लिए विवश कर दिया तो वह अनमने मन से तैयार हो गए। मित्र के घर खाली हाथ न जाना पड़े सो उनकी पत्नी ने पड़ोसियों से मांग कर लाए गए तंदुल एक पोटली में बांध कर सुदामा को दे दिए। हरिनाम स्मरण करते हुए वे द्वारिकापुरी पहुंचते हैं। वहां पहुंचने पर द्वारिकाधीश ने उनका भव्य स्वागत किया। भावविह्वल द्वारिकाधीश अपने मित्र को सामने पाकर अपने अश्रु नहीं रोक सके और आंसुओं से ही उनका पद प्रक्षालन किया। द्वारिकाधीश ने सुदामा की कांख में दबी पोटली लेकर दो मुट्ठी तंदुल अपने मुख में डाल कर उन्हें दो लोकों का ऐश्वर्य प्रदान कर दिया।अंत में कथा परीक्षित ऐंद्रकुमार निरंजन व उनकी पत्नी माधुरी ने भागवत जी की आरती उतारी उसके बाद उपस्थित भक्तो को प्रसाद वितरित किया गया।




भारतीय नौसेना का जहाज मुंबई बहुराष्ट्रीय अभ्यास ला पेरोस के चौथे संस्करण में भाग लेने के लिए जकार्ता पहुंचा। इस संस्करण में रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी, फ्रेंच नेवी, रॉयल नेवी, यूनाइटेड स्टेट्स नेवी, इंडोनेशियाई नेवी, रॉयल मलेशियाई नेवी, रिपब्लिक ऑफ सिंगापुर नेवी और रॉयल कैनेडियन नेवी सहित विभिन्न समुद्री साझेदारों की भागीदारी देखी जाएगी।

### ज्यादा फांसी की सजा सुनाने के चलते ये हैंगमैन कहलाते थे, हमलावर ने सुसाइड किया

# ईरान के सुप्रीम कोर्ट में गोलीबारी, 2 जजों की हत्या

एजेंसी, तेहरान

तेहरान में शनिवार को ईरान के सुप्रीम कोर्ट में एक शख्स ने गोलीबारी की। इस हमले में 2 जजों की मौत हो गई। वहीं, सुप्रीम कोर्ट के प्रवक्ता असगर जहांगीर ने दावा किया है कि जजों को उनके कमरों में घुसकर मारा गया है। दोनों जज नेशनल सिक्योरिटी, आतंकवाद, जासूसी के मामलों की सुनवाई कर रहे थे। दोनों पर गोली चलाने के बाद हमलावार ने सुसाइड कर लिया। पूरी घटना में एक और जज भी घायल हुआ है। इसके अलावा एक बॉडीगार्ड भी घायल हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक यह हमला स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजकर 45 मिनट पर हुआ। सुप्रीम कोर्ट के जिन जजों को निशाना बनाया गया, उनकी पहचान अली रजिनी और मोघीसेह के तौर पर हुई है। ये ईरानी न्यायपालिका के वरिष्ठ जजों में शामिल थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ज्यादा फांसी की सजा सुनाए जाने के चलते दोनों जजों को हैंगमैन कहा जाता था।



### हमले के मकसद का पता नहीं, पुलिस ने जांच शुरू की

रिपोर्ट्स के मुताबिक हमलावर जस्टिस डिपार्टमेंट का ही कर्मचारी था। ईरान इंटरनेशनल के मुताबिक तेहरान के कोर्ट हाउस से कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने कहा है कि हमले के पीछे के मकसद का पता लगाने के लिए जांच शुरू हो गई है। रजिनी की 1988 में भी हत्या की कोशिश की गई थी। उस दौरान उनकी बाइक में मैग्नेटिक बम लगाया गया था। वहीं, अमेरिकी ट्रेजरी डिपार्टमेंट के मुताबिक दूसरे जज मोघिसेह पर अमेरिका ने 2019 में बैन लगा दिया था।

### दुनियाभर में सबसे ज्यादा फांसी देने वाला देश ईरान

- ईरान दुनिया में सबसे ज्यादा फांसी की सजा देने वाले देशों में से एक है। ईरान में 2024 में 901 लोगों को मौत की सजा दी गई। इनमें 31 महिलाएं भी शामिल हैं। पिछले साल दिसंबर महीने के एक हफ्ते में 40 लोगों को मौत की सजा सुनाई गई थी।
- नाबालिगों को मौत की सजा न देने के यूनाईटेड नेशन कन्वेंशन को साइन करने के बावजूद ईरान उन टॉप देशों में शामिल है, जहां सबसे ज्यादा फांसी की सजा दी जाती है।
- एमनेस्टी इंटरनेशनल के मुताबिक ईरान में 9 साल की उम्र पार करने के बाद लड़कियों को मौत की सजा दी सकती है। लड़कों के लिए ये उम्र 15 है। साल 2005 से 2015 के बीच लगभग 73 बच्चों को मौत की सजा दी जा चुकी है।

## सार समाचार

### फैसला सुनकर हंस पड़े इमरान, बहन का दावा

**लाहौर।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान अल-कादिर ट्रस्ट केस पर शुक्रवार को आए अदालत के फैसले को सुनकर हंस पड़े। उनकी बहन अलीमा खान ने आज यह दावा किया। अलीमा के अनुसार, उनके भाई ने कहा कि उन्होंने सब कुछ अल्लाह के ऊपर छोड़ दिया है। जियो न्यूज की खबर के अनुसार, अलीमा खान ने शनिवार को लाहौर में एक अदालत के बाहर मीडिया से कहा कि जब पीटीआई संस्थापक ने फैसला सुना, तो वह हंसे और कहा कि उन्होंने अपना मामला अल्लाह को सौंप दिया है। उल्लेखनीय है कि अदालत ने इस केस में अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान को 14 साल और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को सात साल जेल की सजा सुनाई है। 72 वर्षीय इमरान खान को लगभग 200 मामलों में आरोपी बनाया गया है।

### लेबनान से बांग्लादेश के 47 और नागरिक स्वदेश लौटे



**ढाका।** युद्धग्रस्त लेबनान में फंसे बांग्लादेश के 47 और नागरिक आज स्वदेश लौट आए। अंतरिम सरकार ने इनकी यात्रा का पूरा खर्च वहन किया। यह लोग कतर एयरवेज की उड़ान (क्यूआर 640) से सुबह 9:15 बजे हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, अब तक 19 उड़ानों के माध्यम से लेबनान से कुल 1,246 बांग्लादेशी नागरिकों को वापस लाया गया है। ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, विदेश मंत्रालय, प्रवासी कल्याण और विदेशी रोजगार मंत्रालय और अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन ने सभी का हवाई अड्डे पर स्वागत किया।

### अमेरिकी कोर्ट ने टिकटॉक पर प्रतिबंध बरकरार रखा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने चीन के सोशल मीडिया ऐप टिकटॉक की विदाई का रास्ता साफ कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून को बरकरार रखा। रविवार को कानून लागू होने पर इसे ऐप स्टोर से हटा दिया जाएगा। संयुक्त राज्य अमेरिका में टिकटॉक लोकप्रिय ऐप है। अमेरिका में 170 मिलियन से अधिक लोग इसका का प्रयोग करते हैं। सीबीएस न्यूज चैनल के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने आमराय से यह फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने टिकटॉक के बाइडेन प्रशासन के प्रतिबंध कानून के प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि प्रावधान किसी भी तरह के अधिकारों का उल्लंघन नहीं करते। सुप्रीम कोर्ट ने टिकटॉक के खिलाफ निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा। व्हाइट हाउस ने सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद कहा कि बाइडेन प्रशासन रविवार को प्रतिबंध लागू नहीं करेगा।

### नेपाल के नागरिकों से नौकरी के झांसे में न पड़ने की अपील

**काठमांडू।** थाईलैंड स्थित नेपाली दूतावास ने सभी नेपाली नागरिकों के लिए एक सूचना जारी करते हुए किसी भी चीनी कंपनी के द्वारा आकर्षक नौकरी के झांसा में नहीं पड़ने की अपील की है। नेपाली नागरिकों के इन देशों में नौकरी के लिए लाखों रुपए कमीशन देकर आने और गैरकानूनी काम में फंसाने की घटना के बाद नेपाल दूतावास ने अपील जारी की है। नेपाली दूतावास ने शनिवार को बयान जारी कर बताया कि चीनी कंपनी के झांसे में पड़कर कंबोडिया, लाओस, म्यांमार जैसे देशों में 17 नेपाली नागरिकों के फंसे होने की सूचना के कई महीने बाद शुक्रवार को सिर्फ एक नेपाली नागरिक को वहां से बचाया जा सका है।

### इजराइल कैबिनेट ने हमास से सीजफायर को मंजूरी दी

# आज से शुरू होगा युद्धविराम, पहले चरण में हमास 33 बंधक रिहा

एजेंसी, हमास

इजराइल की कैबिनेट ने शनिवार, यानी आज हमास के साथ सीजफायर डील को मंजूरी दे दी है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक यह युद्ध विराम रविवार, यानी कल से लागू होगा। इजराइली मंत्रियों ने समझौते के पक्ष में 24-8 मतों से मतदान किया। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के ऑफिस ने शनिवार सुबह बयान जारी कर कहा सरकार ने बंधक वापसी की योजना को मंजूरी दे दी है। ये डील 3 फेज में पूरी होगी। पहले फेज में हमास इजराइल से किडनैप किए गए 33 बंधकों को रिहा करेगा। साथ ही इजराइली सेना गाजा की सीमा से 700 मीटर पीछे लौटेगी। इजराइल में न्याय मंत्रालय ने भी 95 फिलिस्तीनी कैदियों की लिस्ट जारी की है, जिन्हें रविवार को रिहा किया जाएगा। इनमें 69 महिलाएं, 16 पुरुष और 10 नाबालिग शामिल हैं। इजराइल 700 से ज्यादा फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। इनके नाम की लिस्ट भी जारी की गई है। इस लिस्ट में शामिल कई लोग हत्या के आरोप में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं, जिनमें हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद सदस्य भी शामिल हैं। बता दें कि हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल में घुसकर 1200 लोगों को मार डाला था और 251 को बंधक बना लिया था। इसके कुछ घंटे बाद इजराइली सेना ने गाजा पर हमला बोल दिया था।



### नेतन्याहू की पार्टी के 2 मंत्रियों ने किया युद्धविराम का विरोध

प्रधानमंत्री नेतन्याहू की लिकुड मंत्री के मंत्री डेविड अम्सलेम और अमीचाई चिक्ली उन 8 मंत्रियों में शामिल हैं, जिन्होंने सीजफायर के खिलाफ मतदान किया। इसके अलावा सरकार में शामिल ओत्जमा येहुदित पार्टी के 6 मंत्रियों ने भी युद्ध विराम के खिलाफ वोट दिया था। इससे पहले इजराइल के सुरक्षा मंत्री और दक्षिणपंथी नेता बेन-ग्विर इतामार ने शुक्रवार को हमास के साथ सीजफायर डील का विरोध किया था। उन्होंने डील को मंजूरी देने पर सरकार से समर्थन वापस लेने की धमकी दी थी।

### कतर में कई हफ्तों से हो रही थी डील पर बात

सीजफायर के लिए पिछले कई हफ्तों से कतर की राजधानी दोहा में बातचीत चल रही थी। इस बातचीत में मिस्र और अमेरिका भी शामिल थे। शेख मोहम्मद ने हमास और इजराइल के प्रतिनिधियों से बुधवार को मुलाकात की, जिसके बाद ये डील पूरी हुई। बंधकों की पहली फेज की रिहाई के 15 दिन बाद हमास बाकी बंधकों को रिहा करेगा। इस बीच दोनों पक्ष स्थायी सीजफायर पर बात करेंगे।

### तीन चरण में पूरी होगी युद्धविराम प्रक्रिया

15 जनवरी को जो बाइडेन ने कहा कि यह डील 19 जनवरी, यानी रविवार से तीन फेज में शुरू होगी। इसमें 42 दिन तक बंधकों की अदला-बदली की जाएगी।

- **पहला फेज:** 19 जनवरी से 1 मार्च तक गाजा में पूरी तरह से युद्धविराम रहेगा। हमास 33 इजराइली बंधकों को रिहा करेगा। इजराइल रोजाना अपने एक बंधक के बदले 33 फिलिस्तीनी बंदियों को रिहा करेगा। हर एक इजराइली महिला सैनिक के बदले 50 फिलिस्तीनी बंदियों को रिहाई मिलेगी।
- **दूसरा फेज:** अगर पहले फेज के 16वें दिन, यानी 3 फरवरी तक सब कुछ ठीक रहा, तो दूसरे फेज की योजना पर बातचीत शुरू हो जाएगी। इस दौरान कोई भी हमला नहीं किया जाएगा। जिंदा बचे हुए बाकी बंधकों को रिहा किया जाएगा। इजराइल 1 हजार फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा, इनमें लगभग 190 कैदी 15 साल से ज्यादा समय से सजा काट रहे हैं।
- **तीसरा फेज:** इस डील के आखिरी फेज में गाजा को दोबारा बसाया जाएगा। इसमें 3 से 5 साल का समय लगेगा। हमास के कब्जे में मारे गए बंधकों के शव भी इजराइल को सौंपे जाएंगे।

### समारोह खुले में नहीं रोटुंडा में होगा

# डोनाल्ड ट्रंप कड़ाके की ठंड के बीच लेंगे शपथ

एजेंसी, वाशिंगटन

संयुक्त राज्य अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण का समारोह भीषण ठंड के कारण सोमवार को कैपिटल के बाहर नहीं अंदर रोटुंडा में होगा। यह 60वां उद्घाटन शपथ ग्रहण समारोह है। शपथ ग्रहण से संबद्ध संयुक्त कांग्रेस समिति उद्घाटन समारोह (जेसीसीआईसी) ने कहा कि निर्वाचित राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह का उद्घाटन चार दशक में पहली बार घर के अंदर आयोजित किया जाएगा। साठवें उद्घाटन शपथ ग्रहण समारोह पर जारी वक्तव्य में जेसीसीआईसी के प्रवक्ता ने कहा कि निर्वाचित राष्ट्रपति ने स्थान परिवर्तन का अनुरोध किया है। उनके आग्रह का सम्मान करने पर खुशी हो रही है। ट्रंप ने कहा, ठंड की वजह से मैंने प्रार्थनाओं और अन्य भाषणों के अलावा उद्घाटन भाषण को यूनाइटेड स्टेट्स कैपिटल रोटुंडा में देने का आदेश दिया है। आखिरी बार 1985 में पूर्व रिपब्लिकन राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के दूसरे शपथ ग्रहण पर तेज ठंड के कारण उद्घाटन समारोह को घर के अंदर स्थानांतरित किया गया था। तब दोपहर को तापमान -23 से -29 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। ट्रंप के शपथ ग्रहण के समय सोमवार को वाशिंगटन का तापमान -7 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का पूर्वानुमान है। साल 2009 में बराक ओबामा के शपथ ग्रहण समारोह के समय भी तापमान ठंडा था। नौवें अमेरिकी राष्ट्रपति विलियम हेनरी हैरिसन ने चार मार्च, 1841 को कड़ाके की ठंड के बीच बिना टोपी और ओवरकोट के सबसे लंबा उद्घाटन भाषण दिया था। इसके बाद उन्हें निमोनिया हो गया। पद ग्रहण करने के एक महीने बाद उनकी मृत्यु हो गई। उनका राष्ट्रपति पद अमेरिकी इतिहास में सबसे छोटा कार्यकाल है।



### कैपिटल वन एरेना में लगेगी स्क्रीन

- ट्रंप ने कहा कि उनके समर्थक समारोह को कैपिटल वन एरेना के अंदर स्क्रीन पर देख सकते हैं। कैपिटल वन एरेना वाशिंगटन शहर में एक पेशेवर बास्केटबॉल और हॉकी स्थल है। यहां एक साथ 20,000 लोग बैठ सकते हैं। राष्ट्रपति परेड के दौरान पेंसिल्वेनिया एवेन्यू से व्हाइट हाउस तक जाने वाले मार्चिंग बैंड का जश्न कैपिटल वन एरिना में ही होगा। ट्रंप ने कहा कि वह शपथ लेने के बाद मैदान में भीड़ का अभिवादन स्वीकार करेंगे।
- शपथ ग्रहण समारोह को देखने लिए 2,20,000 से अधिक लोगों ने टिकट खरीदे हैं। व्यवस्था में बदलाव होने से इनका शामिल हो पाना मुश्किल है। बताया गया है कि ट्रंप समारोह के उद्घाटन की पूर्व संध्या पर रविवार को कैपिटल वन एरेना के अंदर अपने समर्थकों को संबोधित कर सकते हैं।
- उद्घाटन समारोह की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाली कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रवक्ता एलेक्सी वर्ली ने कहा कि अमेरिकी गुप्त सेवा ट्रंप की उद्घाटन समिति और शपथ ग्रहण समारोह के प्रभारी कांग्रेस समिति के साथ मिलकर काम कर रही है। खराब मौसम के मद्देनजर सुरक्षा योजनाओं को आवश्यकतानुसार अनुकूलित किया जाएगा।

### दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ने कोर्ट के समक्ष दी रिहाई की दलील

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में पिछले महीने मार्शल लॉ की अल्पकालिक घोषणा कर कानूनी एवं राजनीतिक संकट में फंसे राष्ट्रपति यून सुक येओल ने शनिवार को सियोल न्यायाधीश के समक्ष अपनी रिहाई के लिए दलील दी। ऐसा इसलिए क्योंकि अदालत ने समीक्षा की कि क्या उनकी औपचारिक गिरफ्तारी के लिए कानून प्रवर्तन अनुरोध को मंजूरी दी जानी चाहिए। यून के वकीलों ने कहा कि लगभग पांच घंटे की बंद कमरे में सुनवाई के दौरान उन्होंने न्यायाधीश से लगभग 40 मिनट तक बात की। उनकी कानूनी टीम और भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसियों ने इस बारे में विरोधी तर्क प्रस्तुत किए कि क्या उन्हें हिरासत में रखा जाना चाहिए। वकीलों ने उनकी विशिष्ट टिप्पणियां साझा नहीं कीं। इससे पहले, उच्च-रैंकिंग अधिकारियों के लिए गठित देश के भ्रष्टाचार जांच कार्यालय (सीआईओ) ने सियोल पश्चिमी जिला न्यायालय से येओल के खिलाफ औपचारिक गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आग्रह किया है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति यून, जो बुधवार को अपने आवास पर बड़े पैमाने पर कानून प्रवर्तन अभियान में पकड़े जाने के बाद से हिरासत में हैं, 03 दिसंबर को मार्शल लॉ की घोषणा से जुड़े संभावित विद्रोह के आरोपों का सामना कर रहे हैं। उनके इस कदम ने 1980 के दशक में देश में लोकतंत्रीकरण के बाद दक्षिण कोरिया में सबसे गंभीर राजनीतिक संकट पैदा कर दिया है।



# अराकान आर्मी ने म्यांमार से बांग्लादेश आ रहे तीन मालवाहक जहाजों को रोका

ढाका, एजेंसी

म्यांमार के विद्रोही गुट अराकान आर्मी ने म्यांमार के यांगून से बांग्लादेश के टेकनाफ भूमि बंदरगाह आ रहे तीन मालवाहक जहाजों को गुरुवार दोपहर से रोक रखा है। इन जहाजों में 50,000 हजार बैग हैं। इनमें सूखी मछली, सुपारी, कॉफी और अन्य सामान है। तीनों मालवाहक जहाजों को शुक्रवार रात 10:30 बजे तक नेफ नदी के मुहाने पर अराकान आर्मी के घेरे में देखा गया। ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, अराकान आर्मी ने टेकनाफ मार्ग पर रोके गए तीनों मालवाहक जहाजों को अभी तक नहीं छोड़ा है। चालक दल के सदस्यों और अन्य अभी भी अराकान आर्मी की हिरासत में हैं। टेकनाफ लैंड पोर्ट का संचालन करने वाली कंपनी यूनाइटेड लैंड पोर्ट लिमिटेड के महाप्रबंधक मोहम्मद जसीमुद्दीन चौधरी ने कहा कि अराकान आर्मी ने तीन मालवाहक जहाजों को तलाशी लेने के बहाने बांग्लादेश-म्यांमार सीमा पर नाइखोंग क्षेत्र के पास नेफ नदी के मुहाने पर रोका।




अराकान आर्मी ने अभी भी म्यांमार के मालवाहक जहाजों को रिहा नहीं किया है। टेकनाफ भूमि बंदरगाह के एक अधिकारी ने पहचान न उजागर करने का आग्रह करते हुए बताया कि जब से अराकान आर्मी ने रखाइन राज्य के माउंगडॉ टाउनशिप पर नियंत्रण किया है, तब से कोई भी मालवाहक जहाज टेकनाफ भूमि बंदरगाह पर नहीं आया है। अराकान आर्मी ने गुरुवार को तीन मालवाहक जहाजों को हिरासत में ले लिया है। टेकनाफ कस्टम एंड फॉरवर्डिंग एजेंट एसोसिएशन के महासचिव एहतेशामुल हक बहादुर ने कहा कि अराकान आर्मी ने म्यांमार से टेकनाफ भूमि बंदरगाह आ रहे तीन मालवाहक जहाजों को नेफ नदी के बीच में अपने नियंत्रण में ले लिया है। उनको अभी तक छोड़ा नहीं गया है। टेकनाफ-2 में बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल आशिकुर रहमान ने कहा कि किसी ने भी हमें इस बारे में आधिकारिक तौर पर सूचित नहीं किया है। मगर उन्होंने सुना है कि अराकान आर्मी ने तीन मालवाहक जहाजों को रोककर तलाशी ली है। टेकनाफ के उप जिला कार्यकारी अधिकारी (यूएनओ) शेख एहसानुद्दीन ने भी कहा कि उन्होंने भी यही बात सुनी है। बंदरगाह प्राधिकरण से किसी ने भी उन्हें सूचित नहीं किया है।

### सीरिया के नए नेता अहमद ने संयुक्त अरब अमीरात से सहयोग मांगा

**दमिश्क।** सीरिया के नए नेता अहमद अल-शरा ने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से सहयोग मांगा है। उन्होंने शुक्रवार को राष्ट्रपति नाहयान को फोन किया। दिसंबर में बशर अल-असद शासन के पतन के बाद मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को फोन करने वाले अहमद अल-शरा पहले नेता हैं। वह विद्रोही गुट हयात तहरीर अल-शाम के नेतृत्व वाले प्रशासन के कमांडर-इन-चीफ हैं। अरबी न्यूज एजेंसी '963+' के अनुसार, अल-शरा और अल नाहयान ने सीरिया और यूएई के बीच संबंधों को इस तरह से मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की जो दोनों देशों के सामान्य हितों को पूरा करे। साथ ही यूएई सीरिया में स्थिरता प्राप्त करने और आर्थिक स्थिति में सुधार लाने में नए सीरियाई प्रशासन के कदमों का समर्थन करे। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी सना के अनुसार, अल-शरा और अल नाहयान ने सीरियाई-अमीराती समन्वय के महत्व और सीरियाई लोगों को युद्ध के कारण बनी मौजूदा स्थिति से बाहर निकलने में समर्थन देने के प्रयासों को तेज करने पर जोर दिया। अल-शरा और अल नाहयान ने सतत विकास हासिल करने और सीरियाई राज्य के फिर से पुनर्निर्माण के लिए सीरियाई लोगों की आकांक्षाओं को साकार करने के लिए काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।



### अजब-गजब | डोरबेल कैमरे ने कैद की दुर्लभ घटना

# कनाडा में एक घर के सामने ही गिर पड़ा उल्कापिंड

एजेंसी, ओटावा

कनाडा में एक अजब घटना सामने आई है। एक घर की दरवाजे की घंटी (डोरबेल) में लगे कैमरे ने धरती पर गिरे एक उल्कापिंड का दुर्लभ वीडियो और साउंड कैद कर लिया। यह घर से कुछ कदमों की दूरी पर गिरा था। न्यूज एजेंसी एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, मीटियोरिटिकल सोसायटी ने अपनी रिपोर्ट के साथ वीडियो भी पोस्ट किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना जुलाई की है। लॉरा केली और उनके पार्टनर के घर के पास यह घटना घटी थी। रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों शाम की सैर के बाद घर लौटे तो उन्हें अपने रास्ते पर धूल और अजीब मलबे का ढेर देखकर आश्चर्य हुआ। उन्होंने अपना सिक्योरिटी कैमरा चेक किया तो देखा कोई चीज उनके घर के प्रवेश द्वार के सामने जोर से टकरा रही है, जिससे धुएं जैसा गुबार और चटचटाहट की आवाज पैदा हो रही है। उन्होंने अल्बर्टा विश्वविद्यालय के मीटियोराइट रिपोर्टिंग सिस्टम को इस बारे में सूचना दी और क्यूरेटर क्रिस हर्ड ने मलबे के नमूनों की जांच की और पुष्टि की गई कि यह तारों के बीच का है।

### उल्कापिंड को दिया शार्लेटटाउन नाम




रिपोर्ट के अनुसार, माना जा रहा है कि पहली बार ऐसी फुटेज सामने आई है। कैमरों ने उल्कापिंडों के गिरने की तस्वीरें तो कैद की हैं लेकिन उल्कापिंड के गिरने की आवाज वीडियो में कैद होना दुर्लभ है। सोमवार (13 जनवरी) को आधिकारिक रूप से दर्ज किए गए इस उल्कापिंड का नाम पूर्वी कनाडा के प्रिंस एडवर्ड द्वीप के शहर के नाम पर शार्लेटटाउन रखा गया, जहां यह गिरा था।

### उल्कापिंड क्या है?

उल्कापिंड अंतरिक्ष की चट्टानों के टुकड़े होते हैं जो पृथ्वी के गर्म वातावरण से गुजरने के बाद धरती से टकराते हैं। रिपोर्ट में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के हवाले से बताया गया है कि लगभग 48 टन (43,500 किलोग्राम) ऐसा ही मलबा हर दिन पृथ्वी पर गिरता है, जिसके समुद्र में गिरने की संभावना ज्यादा होती है। अंतरिक्ष चट्टानें साल में कई बार होने वाली उल्का वर्षा के दौरान रात में आकाश में टूटते तारों के रूप में भी दिखाई देती हैं।

### दिसानायके चीन से लौटे श्रीलंका, 15 समझौते

# 10 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश का भरोसा

एजेंसी, कोलंबो

श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके चीन की चार दिवसीय सरकारी यात्रा पूरी कर स्वदेश लौट आए। श्रीलंका के अधिकारियों का कहना है कि राष्ट्रपति की यात्रा बेहद सफल रही। इस दौरान दोनों देशों के बीच 15 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। चीन और वहां की कंपनियों से 10 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश का भरोसा राष्ट्रपति दिसानायको को दिया गया है। डेली मिरर के अनुसार, चीन सरकार और वहां के उद्योगपतियों ने श्रीलंका में लगभग 10 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने में दिलचस्पी दिखाई है। सिनोपेक ने हंबनटोटा में 200,000 बैरल की क्षमता वाली अत्याधुनिक तेल रिफाइनरी में 3.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश के समझौते पर हस्ताक्षर किए है। इससे श्रीलंका के लिए विदेशी भंडार को बढ़ावा मिलेगा। इसके उत्पादन को निर्यात के लिए नियोजित किया गया है। परिणामस्वरूप इससे विदेशी मुद्रा आय में वृद्धि होगी। इसके अलावा आर्थिक और तकनीकी सहयोग, निवेश और आर्थिक सहयोग कार्यसमूह की स्थापना, चीन में कृषि उत्पादों के लिए बाजार पहुंच, मीडिया और पर्यटन प्रचार पर सहयोग पर चीनी सरकार से 500 मिलियन आरएमबी (20 अरब रुपये) का अनुदान प्राप्त होगा।

# राहुल गांधीः प्रासंगिकता की अंधी गली में भटकाव



**शाहीन सबा**

तीर्थराज प्रयाग में महाकुम्भ का अद्वितीय मेला लगा हुआ है। भारतीय राजनीति में भी एक आश्चर्यजनक दौर चल रहा। भारत की राजनीती भी संक्राति काल से हो कर गुजर रही है। आज नेता प्रतिपक्ष का चरित्र और विचारधारा राष्ट्र के समक्ष एक चुनौती बनकर खड़ा है। कांग्रेस के नए मुख्यालय इंदिरा भवन के उद्घाटन पर राहुल गांधी के भाषण ने न केवल उनकी वैचारिक अपरिपक्वता को उजागर किया, बल्कि इस बात की पुष्टि भी की कि वे भारतीय लोकतंत्र और संविधान के मूलभूत सिद्धांतों को समझने में असमर्थ हैं। विगत दो वर्षों से जाति, अडानी, हिंडेनबर्ग जैसे राष्ट्रघाती एजेंडे के इर्द-गिर्द उनकी राजनीती चल रही है या उनको मोहरा बनाकर चलाई जा रही है। कांग्रेस ने महात्मा गांधी के नाम पर स्वाधीनता पश्चात सत्ता पाई, उन्हीं का नाम नए मुख्यालय से हटा दिया! अगर इसका नाम महात्मा गांधी के नाम पर होता, तो कितना बेहतर होता। परन्तु नेहरू से लेकर राहुल तक सभी गाँधी जी के नाम का केवल अपने हित में इस्तेमाल करते हैं और उतना ही सम्मान देते हैं जितना कि भावुक जनता को अपने पक्ष में करने के लिए आवश्यक है। इंदिरा गांधी ने सत्ता और स्वार्थ के लिए भारतीय संविधान पर सबसे बड़ा आघात किया था। आज, राहुल गांधी उसी विरासत को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रहे हैं। इंदिरा भवन का उद्घाटन महज एक इमारत का निर्माण नहीं, बल्कि कांग्रेस की विफलताओं और अधिनायकवादी प्रवृत्तियों का प्रतीक है। इमरजेंसी के दौरान लोकतंत्र को कमजोर करने वाली इंदिरा के नाम पर मुख्यालय स्थापित करना कांग्रेस की राजनीति की असलियत उजागर करता है। सत्ता के लिए लोकतंत्र से खिलवाड़ करना कांग्रेस की पुरानी परंपरा है। कोई आश्चर्य नहीं कि अपने हाथ में 'लाल किताब' लेकर घूमने वाले राहुल उसे संविधान कहते रहे और महात्मा गाँधी की जगह संविधान की प्रस्तावना तक को बदलने वाली इंदिरा गाँधी के नाम पर कांग्रेस मुख्यालय का नामकरण हो। यहाँ से संचालित कांग्रेस क्या संविधान की रक्षा कर पाएगी या उसे 'अपने लाल संविधान में' में बदलना चाहेगी?




**राहुल गांधी ने अपने भाषण में भारतीय राज्य के खिलाफ लड़ने का जो आह्वान किया, वह किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में अकल्पनीय है। यह न केवल उनकी खतरनाक मानसिकता को दर्शाता है, बल्कि सिद्ध करता है कि वे अपनी राजनीतिक विफलताओं का दोष भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था पर मढ़ रहे हैं। एक ऐसा नेता, जो स्वयं जनता के बीच अपनी जगह बनाने में असफल रहा है, वह भारतीय राज्य से लड़ने की बात करता है। यह सोच भारतीय संविधान के प्रति एक प्रकार की निष्ठाहीनता को प्रतिबिंबित करती है। राहुल का भाषण यह दर्शाता है कि वे न केवल वर्तमान परिस्थितियों से अनभिज्ञ हैं, बल्कि इतिहास से भी उन्होंने कोई शिक्षा नहीं ली है।**

राहुल गांधी ने अपने भाषण में भारतीय राज्य के खिलाफ लड़ने का जो आह्वान किया, वह किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में अकल्पनीय है। यह न केवल उनकी खतरनाक मानसिकता को दर्शाता है, बल्कि सिद्ध करता है कि वे अपनी राजनीतिक विफलताओं का दोष भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था पर मढ़ रहे हैं। एक ऐसा नेता, जो स्वयं जनता के बीच अपनी जगह बनाने में असफल रहा है, वह भारतीय राज्य से लड़ने की बात करता है। यह सोच भारतीय संविधान के प्रति एक प्रकार की निष्ठाहीनता को प्रतिबिंबित करती है। राहुल का भाषण यह दर्शाता है कि वे न केवल वर्तमान परिस्थितियों से अनभिज्ञ हैं, बल्कि इतिहास से भी उन्होंने कोई शिक्षा नहीं ली है। भारतीय परंपरा में आलोचना का स्थान है, लेकिन जब आलोचना तथ्यात्मक रूप से गलत और पूर्वाग्रह से प्रेरित हो, तो वह आलोचना नहीं, बल्कि विद्वेष बन जाती है। राहुल गांधी का संघ और भारतीय राष्ट्र-दर्शन के प्रति दृष्टिकोण इसी विद्वेष का प्रतिबिंब है। आज जब भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है, वैश्विक पटल पर अपनी पहचान बना रहा है, तब राहुल गांधी का यह कहना कि वे भारतीय राज्य के खिलाफ लड़ेंगे, उनके राजनीतिक दिग्भ्रम को उजागर करता है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि राहुल गांधी की सोच और भाषण भारत के लोकतंत्र के लिए एक गंभीर चुनौती प्रस्तुत करते हैं। उनकी भाषा से ऐसा लगता है कि भारत के शत्रु का कोई प्रवक्ता बोल रहा है।

राहुल गांधी की अपरिपक्वता भारतीय राजनीति में कोई नई बात नहीं है। उनके हर भाषण, बयान, और कदम यह दिखाते हैं कि वे देश की वास्तविकता से कितने दूर हैं। विदेशों के उदाहरण देने वाले राहुल को समझना चाहिए कि भारत न तो अमेरिका है और न ही यूरोप। यहां की समस्याएं और समाधान विशिष्ट हैं। हिंडेनबर्ग के मालिक ने कोई प्रोजेक्ट न मिलने के बहाने से अपनी कंपनी बंद या यूं कहें भारत जैसे देशों के विरूद्ध एक छद्म आर्थिक युद्ध के हथियार के समर्पण की घोषणा कर दी। क्या नेता प्रतिपक्ष बताएँगे कि उन्होंने इस देश को हिंडेनबर्ग रिपोर्ट के नाम पर भ्रमित क्यों किया? लाखों छोटे-छोटे निवेशकों की गाढ़ी कमाई बर्बाद करने का अधिकार उनके आराजक नीतियों को किसने दिया था? सार्वजानिक रूप से उनका यह कहना कि वे भारतीय राज्य से लड़ेंगे, उनकी लोकतंत्र और संविधान पर उनकी निष्ठा पर सवाल खड़ा करता है। भारतीय राज्य 140 करोड़ नागरिकों की सभ्यता, संस्कृति, और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है। इसे कमजोर करने का प्रयास राष्ट्र और जनता के प्रति विश्वासघात है। आज भारत आत्मनिर्भरता, वैश्विक नेतृत्व, और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की ओर अग्रसर है। ऐसे में भारतीय राज्य से लड़ने की बात न केवल राहुल गांधी की प्रासंगिकता खत्म करती है, बल्कि जिम्मेदार राजनीति के लिए बाधा है। भारत की जागरूक जनता अब ठोस नीतियों और परिणामों की अपेक्षा करती है, मात्र भाषणों से संतुष्ट नहीं होगी। भारतीय लोकतंत्र सत्य और न्याय की रक्षा करता है, और जो इसके खिलाफ खड़े होते हैं, उन्हें असफलता का सामना करना पड़ता है। कांग्रेस और राहुल गांधी को समझना होगा कि लोकतंत्र को कमजोर करने के प्रयास उनके राजनीतिक अस्तित्व के लिए घातक सिद्ध होंगे। विभाजनकारी और हिंस्र विचार से राहुल चर्चा में तो रहते है पर कांग्रेस को संसद-मार्ग से विनाशमार्ग पर दौड़ाने वाले हो चुके है। भारत की सजग जनता भारतीय राज्य से लड़ने वालों से भारत की रक्षा कर लेगी पर क्या विपक्ष और जमीन पर कार्य करने वाले कांग्रेसी राहुल से अपनी रक्षा कर पाएंगे?

# मुझको भैयाजी माफ करना - गल्ती मारे से हो गई

## गल्ती हो जाने पर क्षमा मांगना हर समस्या का तर्कसंगत समाधान है

**हमसे वाकई कोई गल्ती हो गई है तो गंभीरता से क्षमा मांगना और करना हमारा बड़प्पन होगा और अपनी खामियों के बावजूद सम्मान, भरोसा हासिल होगा - एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**



**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर भारतीय सभ्यता, संस्कृति, मूल्यों मयार्दा और आध्यात्मिकता की सजगता दुनियाँ में कहीं नहीं है हमारी सभ्यता के अनेक मोतियों में से एक क्षमां मांगना है बड़े बुजुर्गों का कहना है जो क्षमा करता है पुरानी बातों को भूल जाता है वही सबसे बड़ा दानी है क्योंकि क्षमादान जैसा कोई दान नहीं यहवैचारिक शक्ति है भारतीय सभ्यता की! साथियों बात अगर हम हमारे आज के विषय वस्तु क्षमा मांगने की करें तो, क्षमा करने के सुनहरे नियम के साथ-साथ एक पहलू यह भी है कि हमसे अगर गलती हो जाए तो हमें शांत स्वभाव से अपनी गलती को स्वीकार कर लेना चाहिए और माफी मांगनी चहिए, क्योंकि हमेशा याद रखें कि माफी मांगने से हमेशा रिश्ते मजबूत ही होंगे, दो लोगों के बीच कभी बैर नहीं होगा। माफ करने या माफी मांगने की आदत से यह मालूम पड़ता है कि व्यक्ति तुच्छ भावों के मुकाबले में रिश्ते को ज्यादा अहमियत देता है। साथियों बात अगर हम मानव जीव में क्षमा भाव की करें तो, क्षमा भाव जिसके भीतर विकसित हो जाता है, वह व्यक्ति समाज में आदरणीय माना जाता है। किसी को किसी की भूल के लिए क्षमा करना औरआत्मग्लानि से मुक्ति दिलाना एक बहुत बड़ा परोपकार है। कितना आसान है किसी से अपनी गलती की माफी मांगना और उससे भी ज्यादा आनंद तब मिलता है, जब वह व्यक्ति हमें माफ कर देता है। क्षमा का शस्त्र जिसके पास है, उसका दुष्ट मानव कुछ नहीं बिगाड़ सकते। जिस तरह बिना तिनकों की पृथ्वी पर गिर कर अग्नि खुद ही शांत हो जाती है।

साथियों बात अगर हम क्षमा मांगने की परिस्थिति की करें तो, यदि हमसे वाकई गलती हो गई है तो गंभीरता से क्षमा मांगें। कोई स्पष्टीकरण दें, हमारी गलती से वह विचलित है और हमारे कारणों को समझने की स्थिति में नहीं है। उसे पहले शांत कर सामान्य स्थिति में लाएं। दिल से मांगी गई माफी से स्थिति सामान्य हो जाएगी। यह हमारा बड़प्पन भी होगा कि जो व्यक्ति हमारे कारण दुखी हुआ है और हम अपनी गलती स्वीकार कर उसे सामान्य होने में मदद कर रहे हैं।फिर हुए नुकसान याअसुविधा की पूर्ति के लिए तत्काल प्रयास करें। व्यर्थ की दलीलों में समय बर्बाद करने की बजाय तत्काल कदम उठाएं। इस तरह हम अपनी खामियों के बावजूद सम्मान भरोसा हासिल करेंगे। अन्यथा भावनाओं की गलत अभिव्यक्ति से आप हमेशा तनाव में रहेंगे, जो आपको समाधान से दूर और दूर ले जाएगा।




साथियों बात अगर हम क्षमा देने की करें तो, कमजोर व्यक्ति कभी क्षमा नहीं कर सकता, क्षमा करना तो शक्तिशाली व्यक्ति का गुण है। जो पहले क्षमा मांगता है वह सबसे बहादुर है और जो सबसे पहले क्षमा करता है वह सबसे शक्तिशाली है। शास्त्रों में कहा गया है कि क्षमा वीरों का आभूषण है। बाणभट्ट के हर्षचरित में उल्लेख किया गया है कि क्षमा सभी तपस्याओं का मूल है। महाभारत में कहा गया है कि क्षमा असमर्थ मनुष्यों का गुण और समर्थ मनुष्यों का आभूषण है।श्री गुरु ग्रंथ साहिब का वचन है- क्षमाशील को रोग नहीं सताता और न ही यमराज डराता है।

साथियों बात अगर हम क्षमा में भावनात्मक मिश्रण से हानि की करें तो खासकर पारिवारिक झगड़ों में हम देखते हैं कि, पति का पत्नी से झगड़ा हो गया है। उनके बीच कोई समस्या हो सकती है, जिस पर ध्यान देने की जरूरत है। चूंकि पत्नी का मूड खराब है तो वह बेटे पर गुस्सा उतारेगी। बेटे पर मां मामूली-सी बात पर चिल्लाई तो वह अपने साथियों से लड़ पड़ा और हम जितनी कल्पना कर सकें उतना इस कहानी को विस्तार दे सकते हैं। भावनाएं यदि समस्या के स्त्रोत की दिशा में हो तो भी यह उसे सुलझाने की बजाय बड़ा बना देती हैं। यहीं पर बड़ी समस्या है, क्योंकि कोई माफी मांगे इसकी बजाय भावनात्मक विस्फोट के कारण आखिर में हमें ही माफी मांगनी पड़ सकती है।

साथियों बात अगर हम माफी मांगने में अफसोस और ऐसी गलती दोबारा नहीं होगी. के तड़के की करें तो,मुझे अफसोस है, इन तीन छोटे शब्दों के बिना माफी वास्तव में माफी नहीं है। उनका उपयोग करने से हम यह प्रदर्शित कर सकते हैं कि हम वास्तव में उस समस्या को उत्पन्न करने के लिए पछताते हैं जिसने शिकायत को प्रेरित किया। इन शब्दों के साथ माफी माँगने से हमको यह दिखाने में मदद मिलती है कि हम अतीत में जो कुछ हुआ है उसकी ज़िम्मेदारी लेने के लिए तैयार हैं। हम सुनिश्चित करेंगे कि ऐसा दोबारा न हो, यह समझाते हुए कि जो हुआ अब आगे हमेशा एक अच्छा विचार होगा, भविष्य में गड़बड़ी से मुक्त रखने के लिए हम जो कुछ भी बदलने की योजना बना रहे हैं उसे रेखांकित करके उस सफलता पर निर्माण करना सबसे अच्छा है।

साथियों बात अगर हम माफी मांगने की व्यवहारिकता की करें तो, यदि हम गलत हैं, आंशिक रूप से भी, किसी की मांग करने से पहले क्षमा मांगना बेहतर है। क्षमायाचना उन समस्याओं को हल करने में मदद कर सकती है जिन्हें हल करना सामान्य शब्दों के लिए बहुत कठिन है। क्षमा की वांछनीयता इसमें शामिल लोगों की संस्कृति पर निर्भर करती है। शर्म की संस्कृति में , एक उच्च स्थिति वाले व्यक्ति से जबरन माफी मांगना एक बहुत ही मूल्यवान चीज के रूप में देखा जाता है, क्योंकि माफी मांगने वाले व्यक्ति के सामाजिक अपमान को एक महत्वपूर्ण कार्रवाई के रूप में देखा जाता है। शिष्टाचार दूसरों से अपेक्षा करने का मानक नहीं है, यह एक ऐसा मानक है जिसका आप स्वयं पालन करते हैं। यह कहना कभी आसान नहीं होता, मुझे क्षमा करें। लेकिन कभी-कभी, गलती के लिए माफी मांगना ही आपकी प्रतिष्ठा की रक्षा करने का एकमात्र तरीका है।

**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

ज्योतिर्विद
* ब्रजेन्द्र श्रीवास्तव

# साप्ताहिक ज्योतिष पत्रिका

## रविवार 19 जनवरी से शनिवार 25 जनवरी 2025 तक

विक्रम सम्वत 2081, कालयुक्त नाम सम्वत्सर। शक सम्वत 1946, कलियुग सम्वत-5125, उत्तरायण, शिशिर ऋतु। रविवार 19 जनवरी माघ कृष्ण पक्ष पंचमी तिथि से शनिवार 25 जनवरी माघकृष्ण पक्ष एकादशी।

**व्रत उत्सव**

**रविवार 19 जनवरीः** सूर्य की सायन कुम्भ संक्रांति। **मंगलवार 21 जनवरीः** स्वामी विवेकानंद जयंती तिथि अनुसार। **गुरुवार 23 जनवरीः** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती। **शनिवार 25 जनवरीः** षटतिला एकादशी स्मार्त, निम्बार्क सहित सभी वैष्णवों की एक ही दिन है। **अगले सप्ताहः** रविवार 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस छब्बीस जनवरी उत्सव। सोमवार 27 जनवरी को सोम प्रदोष व्रत। बुधवार 29 जनवरी को मौनी अमावस्या, स्नानदान की महत पुण्यप्रद अमावस्या। प्रयागराज में महाकुंभ स्नान पर्व। गुरूवार 30 जनवरी गुप्त नवरात्र आरंभ। गांधी जी की पुण्य तिथि।

**आकाश दर्शन और मौसम**

इस सप्ताह भी नित्य शाम को चारों ग्रह एक साथ देखिए शुक्र ग्रह पश्चिम में रात सवा नौ बजे तक फिर अस्त। मंगल ग्रह शाम होते ही पूर्व में रात 11 बजे दक्षिण में, सुबह छह बजे पश्चिम में अस्त। गुरू ग्रह शाम को दक्षिण में सिर के ऊपर सुबह तीन बजे पश्चिम में अस्त। शुक्र व शनि ग्रह शाम को दक्षिण पश्चिम में एक साथ परस्पर निकट देखिए। रात नौ बजे शनि पश्चिम में अस्त। बुध ग्रह 20 तारीख से अस्त यह केवल टेलिस्कोप से दिखता है। **मौसमः** सप्ताहांत यत्र तत्र वर्षा, ओले का ग्रह संकेत बुध ग्रह के अस्त से संभावित है।

**व्यापार भविष्य**

शेयर मार्केट में शुक्र शनि का अंशात्मक योग कुछ अनिश्चय कारक रह सकता है। हैवीमशीनरी, ऑटो, व्हीकल्स, एग्रो फर्टिलाइजर्स में तेजी संभावित है। सिंथैटिक्स तथा वस्त्र उद्योग शेयरों में कुछ नरमी संभावित, मैटल, वित्त, आई.टी. कम्युनिकेशंस में घट बढ़ सप्ताहांत अधिक संभावित है।

**मेष-** आपकी राशि का स्वामी मंगल ग्रह आपकी राशि से पराक्रम भाव में वक्री होकर संचार शुरू कर रहा है जो 3 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान आप अपने पहले के बहुत से फैसलों को बदलना चाहेंगे। इससे आप पर मानसिक दबाव बढ़ेगा परंतु आपको आखिर में अच्छी सफलता अपने उद्देश्य में मिलेगी। विरोधी को शांत करने में या पक्ष में करने में भी इस दौरान आप सफल होंगे। इस सप्ताह के शुरू में स्वास्थ्य क्लेश रह सकता है अकारण क्रोध की प्रवृत्ति रहेगी। सप्ताह मध्य उपयोगी यात्रा होने का, प्रिय जनों से भेंट होने का और व्यापार रोजगार में लाभ बढ़ाने वाले प्रसंग होने का योग है। सप्ताह के आखिर में धार्मिक आध्यात्मिक कार्यों में रुचि रहेगी, रुके काम भी आसानी से बनेंगे। मंगलवार बुधवार गुरुवार और शनिवार उत्तम दिन हैं।

**वृष-** आपको इस सप्ताह के आरंभ में दूसरों की भ्रम पूर्ण बातों के प्रति सावधानी रखना चाहिए। स्वास्थ्य की दृष्टि से सप्ताह के शुरू के दो तीन दिन में एलर्जी और पुरानी व्याधि उभर सकती है इसलिए स्वास्थ्य पर ध्यान दें। सप्ताह मध्य आर्थिक दायित्व देनदारी के निपटारे की चिंता रहेगी और इस हेतु आप धन साधनों की व्यवस्था भी करेंगे। सप्ताह के आखिर में प्रसन्नता बढ़ाने वाले विशेष प्रसंग हो सकते हैं अथवा उपयोगी यात्रा का विचार भी बन सकता है। व्यापार रोजगार में लाभ और सफलता के लिहाज से सोमवार बुधवार गुरुवार और शनिवार अनुकूल दिन रह सकते हैं।

**मिथुन-** आपकी राशि पर से मंगल का संचार वक्री गति से 21 जनवरी से 3 अप्रैल तक चल रहा है, इस कारण आपको बीच-बीच में मानसिक क्लेश भी हो सकता है तथा आप जल्दबाजी में किए गए फैसलों से स्वयं ही परेशान हो सकते हैं। इसलिए इस दौरान संयम से काम लें। सप्ताह के शुरू में पारिवारिक चिंता उभर सकती है। सप्ताह मध्य आपके व्यापारिक कार्यों में अच्छी प्रगति होगी तथा लाभदायक लेनदेन भी होंगे। संतान पक्ष की ओर से चिंता का समाधान भी इस दौरान हो सकेगा। सप्ताह के आखिर में देनदारी बकाया आदि निपटने में और धन साधन जुटाने में सफलता मिलेगी। विरोधी पक्ष को आप अपने व्यवहार से पक्ष में करने में भी सफल होंगे। सप्ताह के सोमवार मंगल बुध बृहस्पति और शुक्रवार उत्तम और लाभकारी दिन रह सकते हैं तथा स्त्रीपक्ष से कोई लाभ भी मिल सकता है।

**कर्क-** आपकी राशि से कर्म भाव और बुद्धि भाव का स्वामी होकर मंगल ग्रह 21 जनवरी से 3 अप्रैल तक वक्री होकर व्यय भाव में संचार करेगा, इस अवधि में आपके बहुत से कार्य में धन श्रम का अपव्यय हो सकता है साथ ही छुपे विरोधियों से भी कुछ मानसिक क्लेश हो सकता है। परंतु बृहस्पति का शुभ संचार आपको इन समस्याओं के समाधान में लगातार सहायक होता रहेगा। सप्ताह के शुरू में अजनबी लोगों से व्यवहार में और अनजाने संदेशों से सावधानी रखें। सप्ताह मध्य घर परिवार की समस्याओं के कारण आपके नित्य क्रम में बदलाव हो सकते हैं छुट्टी लेने का विचार भी बन सकता है। स्थायी संपत्ति पर खर्च बढ़ेगा। व्यापार रोजगार में लाभ के लिहाज से बुधवार गुरुवार शुक्रवार शनिवार सप्ताह के अनुकूल लाभकारी और प्रसन्नता दायक दिन रहेंगे।

**सिंह-** इस सप्ताह के शुरू में पारिवारिक कार्य बढ़ सकते हैं। दूसरों से किए गए वायदे भी असुविधा का कारण बन सकते हैं। खानपान की अनियमितता के कारण स्वास्थ्य कष्ट भी संभावित रहेगा। सप्ताह मध्य लघुयात्राएं हो सकती हैं तथा व्यापार रोजगार में आपका सम्पर्क भी बढ़ेगा इससे लाभ बढ़ाने में मदद मिलेगी। सप्ताहांत नए तरह के कार्यों में आपकी रूचि रहेगी, समाज में मान-सम्मान बढ़ाने वाले प्रसंग होने का, घर में आयोजन होने का योग भी है स्थायी सम्पत्ति विस्तार पर या नई सुविधाओं पर भी खर्च होगा। मंगलवार गुरूवार शुक्र शनिवार अपेक्षाकृत अनुकूल और लाभ तथा प्रसन्नतादायक दिन हैं।

**कन्या-** सप्ताह के शुरू में केतु चन्द्र योग मन को अशांत कर सकता है इसलिए संयम से काम लें। सप्ताह मध्य कार्यक्षेत्र में लक्ष्य प्राप्ति का तथा आश्वासन पूरा करने का दबाव रह सकता है। घरेलू व्यय भी बढ़ सकते हैं जिनके लिए धन व्यवस्था करना होगी। बचत से भी लेनदेन होगा। सप्ताह के आखिर में उत्साह बढ़ाने वाला वातावरण प्राप्त होगा, अधिकारी वर्ग से भेंटवार्ता अनुकूल रहेगी, अच्छी खबर भी मिल सकती है तथा सत्संग लाभ का संकेत भी मिल सकता है। सप्ताह के सोमवार बुध शुक्र शनिवार उत्तम व लाभकारी है।

**तुला-** आपकी राशि से भाग्य के नवम स्थान पर से मंगल का वक्री गोचर 21 जनवरी से आरंभ हो गया है जो 3 अप्रैल तक रहेगा। इस समय अवधि में आपकी व्यावसायिक और अन्य जिम्मेदारियों में एक से अधिक बार रद्दोबदल हो सकते हैं, कुछ अनावश्यक यात्राएं भी हो सकती हैं और धर्मक्षेत्र की यात्राएं भी हो सकती हैं। इस सप्ताह के शुरू में चित्त अशांत रहने का योग है। मंगल बुध गुरू शनिवार कामकाज में सफलता दायक हैं तथा कारोबार में भी अच्छा इस समय लाभार्जन हो सकेगा। भेंट उपहार प्राप्ति का या शुभकार्य का संकेत भी मिल सकता है।

**वृश्चिक-** आपकी राशि पर गुरू चन्द्र की प्रतियुति इस सप्ताह के शुक्र शनिवार को हो रही है। यह आपको अपने कार्यक्षेत्र में विशेष महत्व दिलाने सहायक रहेगी। निकट भविष्य में आपकी पद वृद्धि अधिकार वृद्धि भी संभव रहेगी। सप्ताह के शुरू में रवि सोमवारको भ्रमपूर्ण प्रस्तावों से नए परिचयों से सावधान रहें। मंगल बुध गुरूवार व्यय यात्रा भ्रमण कारक हैं। जबकि सप्ताहांत आपकी कोई योजना या कार्य प्रशंसित होगा तथा धनलाभ भी बढ़ेगा।

**धनु-** वक्री मंगल का संचार आपकी राशि से सप्तम स्थान पर से 21 जनवरी से 3 अप्रैल तक हो रहा है जो इस दौरान साझेदारों से कुछ क्लेश तथा दाम्पत्य क्षेत्र में भी कुछ उलझनें अस्थायी रूप से दे सकता है। अतएव दूसरों के उकसाने पर निर्णय करने से बचें। इस सप्ताह के शुरू में कामकाज में कुछ अस्त व्यस्तता अधिक रहेगी जिसे योजना बनाकर दूर करें। सप्ताह मध्य व्यापार लाभ बढ़ने का प्रियजनों से भेंट होने का, आनंददायक खबर मिलने का योग है। सप्ताहांत परोपकार में व्यय होने धार्मिक आयोजन का विचार बनने का योग है।

**मकर-** आपकी राशि के स्वामी शनि का शुक्र ग्रह से योग इन दिनों सूर्यास्त के बाद पश्चिम में अभी भी दिख रहा है। यह योग आपको धनवृद्धि, सुख साधन वृद्धि के साथ-साथ पुरानी चिंता से राहत भी दिलाएगा। इस सप्ताह के शुरू में आपके कार्यों में असुविधाजनक रद्दोबदल हो सकते हैं जो मंगलवार से दूर भी हो जाएंगे। सप्ताह मध्य आपको उपयोगी यात्रा करने का तथा व्यापार रोजगार में सम्पर्क बढ़ाने का अवसर भी मिलेगा। जो सफल व लाभप्रद रहेगा। सप्ताहांत मन को प्रसन्न करने वाले प्रसंग होने का, सम्मान बढ़ने का प्रियजन से भेंट का योग है। मंगल गुरू शुक्र शनिवार उत्तम हैं।

**कुंभ-** इस सप्ताह विशेषकर सप्ताह के आखिर में घर परिवार में महत्वपूर्ण आयोजन का संकेत है। व्यापार रोजगार में क्षेत्र विस्तार होगा, सम्मान बढ़ाने वाले कार्य भी आपको सौंपे जा सकते हैं। सप्ताह के शुरू में नए कार्यों में बाधा रह सकती है जो शीघ्र दूर हो जाएगी सप्ताह मध्य यात्रा होने का, धर्म स्थल दर्शन का योग भी है। आपकी राशि पर शनि शुक्र का योग इस दिन पश्चिम में दिख रहा है जो आपकी सम्पत्ति और सुख साधन बढ़ोत्तरी करेगा। संतान पक्ष की ओर से कुछ चिंता उभर सकती है। मंगलवार से शनिवार तक का समय अनुकूल और लाभदायक है।

**मीन-** आपकी राशि से भाग्य स्थल का स्वामी मंगल 21 जनवरी से 3 अप्रैल तक आपकी राशि से चौथे स्थान पर से वक्री गति संचार कर रहा है। इस अवधि में यात्राएं होने का, नए स्थान आदि में रद्दोबदल होने का, अवकाश अधिक लेने का ग्रह संकेत है। इस दौरान वाहन मशीनरी घरेलू उपकरणों की मरम्मत व्यय बढ़ सकता है। इस सप्ताह के शुरू में प्रियजनों से मतभेद न होने दें। आपके कुछ रुके काम सप्ताह मध्य बन जाएंगे। बचत से भी व्यय होगा। सप्ताहांत उपयोगी यात्रा होने का, धार्मिक कार्य में रूचि बढ़ने का योग है। सप्ताहांत उपयोगी चर्चा होने तथा भाग्यवृद्धि सम्मान वृद्धि का योग भी है। सोमवार बुधवार शुक्र शनिवार अपेक्षाकृत अनुकूल हैं और लाभदायक भी हैं।

## सार संक्षेप

### अंकुश, अमन और अभव्या ने उत्तर प्रदेश को दिलाई शानदार शुरुआत

**लखनऊ :** अंकुश कुमार, अमन पाल व अभव्या तिवारी ने सातवीं नेशनल ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप -2025 ने अपने-अपने वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर मेजबान उत्तर प्रदेश को शानदार शुरुआत दिलाई। मिनी इंडोर स्टेडियम, राजाजीपुरम में आयोजित इस चैंपियनशिप में ऑफिशियल ग्रुप की स्पर्धाओं के पहले दिन आंध्र प्रदेश ने दो स्वर्ण जबकि हरियाणा व दिल्ली ने एक-एक स्वर्ण पदक जीते। ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित चैंपियनशिप का औपचारिक उद्घाटन उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने किया। चैंपियनशिप में 24 राज्यों व इकाईयों की टीमों से 1700 खिलाड़ी भाग ले रहे है जिसमें सीआरपीएफ, आईटीबीपी, कुमाऊं रेजीमेंट और सर्विसेज के खिलाड़ी भी शामिल है। पहले दिन हुई स्पर्धाओं में सब जूनियर बालक व्यक्तिगत पूमसे में आंध्र प्रदेश के तन्विथ उदय ने स्वर्ण, मणिपुर के मालेमंगनबा नुंगलेप्पम ने रजत पदक एवं उत्तर प्रदेश के अक्षत सूर्यांश व नवदीप मिश्रा ने कांस्य पदक जीता। सब जूनियर बालिका व्यक्तिगत पूमसे में दिल्ली की नायशा शर्मा ने स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश की वर्णिका कपूर को रजत एवं उत्तर प्रदेश की ही आरवी सिंह व समृद्धि आर्या ने कांस्य पदक जीता। कैडेट बालिका व्यक्तिगत पूमसे में अभव्या तिवारी ने स्वर्ण, आर्शी सिंह ने रजत, अंशिका खोखर व कौशिकी सिंह यादव (सभी उत्तर प्रदेश) ने कांस्य पदक जीते।

### आईपीएल 2025 के बाद बजेगी रिंकू और प्रिया की शादी की शहनाई




**जौनपुर :** भारतीय टीम के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह और लोकसभा सांसद प्रिया सरोज की सगाई की अटकलों को विराम देते हुए प्रिया के पिता और जौनपुर जिले के केराकत विधानसभा क्षेत्र से विधायक तूफानी सरोज ने कहा कि दोनों परिवारों के बीच सहमति लगभग बन चुकी है मगर सगाई और विवाह की तारीख आईपीएल के बाद तय की जायेंगी। सरोज ने जौनपुर-वाराणसी हाईवे पर सिरकोनी टोल प्लाजा पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि शादी के लिए उनकी केवल रिंकू सिंह के पिता से बात हुई है। प्रिया और रिंकू पिछले एक वर्ष से संपर्क में हैं और दोनों के बीच बातचीत चल रही थी। दोनों एक-दूसरे को चाहते है। उन्होने कहा कि इस सिलसिले में गुरुवार को उनकी रिंकू के पिता के साथ पहली बैठक हुई थी जो सार्थक रही। उन्होने बताया कि आगे टी-20 और आइपीएल मैच है जिसमें रिंकू खेलेगें। उधर 31 जनवरी से 13 फरवरी तक संसद का सत्र चलेगा, जिसमें प्रिया सरोज व्यस्त रहेगीं। उसके बाद सगाई और शादी की तारीख पक्की की जाएगी। तूफानी सरोज ने कहा कि रिंकू का परिवार बहुत अच्छा है और दोनों परिवार चाहते हैं कि यह रिश्ता पक्का कर दिया जाए।

### दिल्ली एसजी पाइपर्स ने जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी को 2-0 से हराया

**राउरकेला :** संगीता कुमारी और दीपिका के गोलों की मदद से दिल्ली एसजी पाइपर्स ने महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब के खिलाफ 2-0 से जीत दर्ज की। बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में अंक तालिका में अव्वल रही सूरमा हॉकी की जीत का सिलसिला देर शाम आखिरकार टूट गया। संगीता कुमारी दूसरे क्वार्टर में दिल्ली एसजी पाइपर्स को बढ़त दिलाई जबकि दीपिका ने 47वें मिनट में एक और गोल कर सीजन की पहली जीत का मार्ग प्रशस्त कर दिया। दिल्ली एसजी पाइपर्स ने मैच की शुरुआत आक्रामक ढंग से की और विपक्षी टीम की पासिंग लेन को प्रभावी ढंग से काट दिया। इस बीच, जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने शानदार रक्षात्मक रवैया अपनाया और दबाव के बावजूद पाइपर्स को पहले क्वार्टर में गोल का मौका नहीं दिया। दूसरे क्वार्टर के शुरू होते ही सूरमा के हमले तेज हो गए। उन्होंने मिडफील्ड में कब्जा करते हुए पाइपर्स सर्कल पर धावा बोल दिया, लेकिन वे गोल करने में असफल रहे। इस बीच जैसे ही पाइपर्स ने सूरमा को पीछे धकेला, मैच की दिशा बदल गयी। क्वार्टर में छह मिनट बचे होने पर, पाइपर्स ने पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाया जब संगीता कुमारी ने स्टेफनी डी ग्रोफ के शॉट को चतुराई से नेट में डाल दिया। यह दिल्ली एसजी पाइपर्स के लिए सीजन का पहला गोल था। पाइपर्स ने क्वार्टर के अंत में कई पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए।

# बुमराह खेलेंगे, करुण को टीम में जगह नहीं

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया का ऐलान, रोहित बोले- ऐसे ऑप्शन हमारी टीम के लिए अच्छे



### अगरकर ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**मुबंई, वार्ता :** कप्तान रोहित शर्मा के नेतृत्व में 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम की घोषणा शनिवार को कर दी गयी।

बीसीसीआई में पुरुष टीम के चयनकर्ता अजीत अगरकर ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम के उप कप्तान शुभमन गिल होंगे। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को चैंपियंस ट्रॉफी और इंग्लैंड के खिलाफ वनडे के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया। यशस्वी जायसवाल को चैंपियंस ट्रॉफी और इंग्लैंड के खिलाफ वनडे के लिए टीम में शामिल किया गया है वहीं विजय हजारे ट्रॉफी में अपनी बल्लेबाजी से करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों के दिल में जगह बनाने वाले करुण नायर भारतीय टीम में जगह बनाने में असफल रहे हैं। चैंपियंस ट्रॉफी और इंग्लैंड के खिलाफ वनडे टीम में ऋषभ पंत विकेटकीपर के तौर पर उपलब्ध रहेंगे। इनके अलावा स्पिनर कुलदीप यादव को चैंपियंस ट्रॉफी और इंग्लैंड के खिलाफ वनडे के लिए टीम में जगह मिली है जबकि हार्दिक पंड्या और रविंद्र जडेजा टीम में आलराउंडर की भूमिका में होंगे। शनिवार को चयन से पहले चोटिल बुमराह और कुलदीप को लेकर शंका थी। नवंबर में अपनी हर्निया सर्जरी के बाद से कुलदीप ने कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है जबकि बुमराह को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें टेस्ट के दौरान पीठ की मांसपेशियों में सूजन आ गई थी मगर दोनों ही खिलाड़ी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उपलब्ध रहेंगे हालांकि फरवरी की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे टीम में हर्षित राणा को




जगह दी गई है मगर इन्हे बुमराह के बैकअप के तौर पर देखा जा रहा है। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरु होकर नौ मार्च तक खेली जाएगी। चैंपियंस ट्रॉफी के मैच पाकिस्तान के तीन शहर के अलावा दुबई में भी होंगे। भारत अपने मुकाबले दुबई में खेलेगा। टीम इस प्रकार हैः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वॉशिंगटन सुंदर।

### जम्मू-कश्मीर के खिलाफ रणजी मैच खेलेंगे रोहित

**मुंबई, वार्ता :** जम्मू-कश्मीर के खिलाफ 23 जनवरी से शुरु होने वाले रणजी ट्रॉफी मैच में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा मुबंई के लिए खेलेंगे। यह मैच मुबंई के एमसीए-बीकेसी मैदान पर खेला जाएगा। रोहित ने खुद मुबंई टीम के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है। बीसीसीआई मुख्यालय में शनिवार को पत्रकारों से बातचीत मं उन्होने कहा कि पिछले छह सात वर्षों से अगर आप हमारा कैलेंडर देखें तो ऐसा कभी नहीं हुआ कि हमने 45 दिनों तक घर पर बिताए हों। ऐसा तभी होता है जब आईपीएल खत्म होने के तुरंत बाद कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं होता है। हमारा घरेलू सत्र अक्टूबर में शुरू होता है और मार्च तक चलता है। जो खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम के लिए सभी प्रारूप नहीं खेल रहे हैं और जब घरेलू क्रिकेट हो रहा है, तो वे इसमें खेल सकते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी स्क्वॉड में चार ऑलराउंडर्स रखे गए हैं। इस पर रोहित शर्मा ने कहा कि ऐसे ऑप्शन हमारे लिए अच्छे हैं, जो गेंद भी फेंक सकें और जरूरत पड़ने पर बल्लेबाजी भी करें। वहीं बीसीसीआई के नए नियमों पर सवाल हुआ तो रोहित ने कहा कि मैंने काफी क्रिकेट खेली है। व्हाइट बॉल, रेड बॉल से खेलता आया हूं। जहां तक घरेलू क्रिकेट की बात है तो मैं रणजी ट्रॉफी खेलूंगा।

### बुमराह की उपलब्धता पर संदेह,अर्शदीप पर भरोसा

**मुबंई, वार्ता :** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चयन के बावजूद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्टार पेस बॉलर जसप्रीत बुमराह की फिटनेस पर संदेह व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हे अर्शदीप सिंह से उम्मीद है कि वह बुमराह की कमी को दूर करेंगे। चैंपियंस ट्रॉफी और इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृखंला के लिए टीम की घोषणा के बाद पत्रकारों से बातचीत में रोहित ने कहा कि हम जसप्रीत बुमराह की उपलब्धता को लेकर निश्चित नहीं हैं, इसलिए हम चाहते थे कि अर्शदीप सिंह आकर वह भूमिका निभाएं। हमने केवल तीन सीमर लिए हैं क्योंकि हम इन ऑलराउंडरों को अपने साथ रखना चाहते थे। मोहम्मद सिराज को टीम में नहीं लिए जाने के फैसले पर उन्होने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वह (मोहम्मद सिराज) हमारे साथ नहीं हैं। अर्शदीप ने बहुत ज़्यादा वनडे नहीं खेले हैं, लेकिन वह हमेशा सफेद गेंद से खेलते रहे हैं, इसलिए मैं यह नहीं कहूंगा कि उनके पास अनुभव नहीं है और मोहम्मद शमी सफेद गेंद क्रिकेट के दिग्गज रहे हैं। हर्षित ने भी अपनी क्षमता दिखाई है। जायसवाल के चयन को लेकर पूछे गये सवाल पर उन्होने कहा कि हमने उन्हें पिछले कुछ महीनों में उनके प्रदर्शन के आधार पर चुना है।

# कर्नाटक ने 5वीं बार विजय हजारे ट्रॉफी जीती, विदर्भ को हराया

● वडोदरा,

**कर्नाटक** ने 5वीं बार विजय हजारे ट्रॉफी का खिताब जीत लिया। टीम ने रविवार को पहली बार फाइनल खेल रही विदर्भ को 36 रन से हराया। वडोदरा में कर्नाटक ने पहले बैटिंग करते हुए 6 विकेट खोकर 348 रन बनाए। जवाब में विदर्भ 312 रन ही बना सका।

सीजन में 5 शतक लगाने वाले विदर्भ के कप्तान करुण नायर 27 रन ही बना सके। ओपनर ध्रुव शोरे ने सेंचुरी लगाई, लेकिन वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। कर्नाटक से मिडिल ऑर्डर बैटर रविचंद्रन स्मरण ने 101 रन की पारी खेली। टीम से प्रसिद्ध कृष्णा, वासुकी कौशिक और अभिलाष शेट्टी ने 3-3 विकेट लिए। कर्नाटक ने 3 विकेट जल्दी गंवाए कोटाम्बी स्टेडियम में विदर्भ ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। कर्नाटक की शुरूआत खराब रही, टीम ने 67 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। कप्तान मयंक अग्रवाल 32, देवदत्त पडिक्कल 8 और केवी अनीश 23 ही रन बना सके। स्मरण ने फिर विकेटकीपर कृष्णन श्रीजीत के साथ पारी संभाली। दोनों ने टीम का स्कोर 200 के पार

### फाइनल में नहीं चले करुण नायर स्मरण ने शतक लगाया

पहुंचा दिया। कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल फाइनल में 32 रन ही बना सके। श्रीजित 78 रन बनाकर आउट हुए, उन्होंने स्मरण के साथ चौथे विकेट के लिए 160 रन की पार्टनरशिप की। स्मरण ने सेंचुरी लगाई और टीम का स्कोर 300 के पार पहुंचाया। उन्होंने अभिनव मनोहर के साथ पांचवें विकेट के लिए 106 रन जोड़े। स्मरण ने 101 रन बनाए, वहीं मनोहर 79 रन बनाकर आउट हुए। कर्नाटक से आखिर में हार्दिक राज ने 12 और श्रेयस गोपाल ने 3 रन बनाए और स्कोर 348 रन तक पहुंचा दिया। विदर्भ से दर्शन नालकंडे और नचिकेत भुते ने 2-2 विकेट लिए। यश ठाकुर और यश कदम को 1-1 सफलता मिली। कर्नाटक के लिए रविचंद्रन स्मरण ने फाइनल में शतक लगाया। उन्होंने सेमीफाइनल में 76 रन बनाए थे। कर्नाटक के लिए रविचंद्रन स्मरण ने फाइनल में शतक लगाया। उन्होंने सेमीफाइनल में 76 रन बनाए थे।

# चौथे दौर में पहुंचीं इगा स्वियातेक

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन : एम्मा राडुकानु को 6-1,6-0 से हराया




● मेलबर्न, वार्ता

**पोलैंड** की इगा नतालिया स्वियातेक ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के तीसरे दौर में शनिवार को ब्रिटेन की एम्मा राडुकानु के खिलाफ 6-1,6-0 से आसान जीत दर्ज की। विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा ने बेहतरीन खेल का मुजाहिरा पेश करते हुए अमेरिकी ओपन में 2021 की चैंपियन राडुकानु को बड़ी ही आसानी से घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। इसके साथ ही उनकी ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतने की महत्वाकांक्षाएं प्रबल हो गई है।

इगा ने चार बार फ्रेंच ओपन और 2022 में अमेरिकी ओपन का खिताब जीता था मगर ऑस्ट्रेलियाई ओपन में उनका सफर अब तक सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ सका है। मैच के बाद पोलिश खिलाड़ी ने कहा कि मैंने कुछ अच्छे शॉट लगाए। शुरू से ही मुझे आभास हो गया था कि मैं अच्छा खेल रही हूं और इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। इस बीच आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो भी ओन्स जाबेउर को 6-4, 3-6, 6-4 से हराकर चौथे दौर में पहुंच गई हैं। नवारो ने 2024 की शुरुआत से अब तक डब्ल्यूटीए स्तर पर 30 तीन सेट वाले मैच खेले हैं, जो इस अवधि में किसी भी खिलाड़ी से सबसे अधिक हैं। उधर, अमेरिका के 20 वर्षीय खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रूस के करेन खाचानोव को 6-3, 7-6 (5), 6-2 से हराकर पुरुष एकल के चौथे दौर में प्रवेश किया। मिशेलसन ने पहले दौर में स्टेफानोस सितसिपास को हराया था। मिशेलसन ने मैच के बाद कहा कि मैंने अविश्वसनीय रूप से अच्छा प्रदर्शन किया। मैं वास्तव में नहीं जानता कि क्या हो रहा है। मैं बहुत खुश हूं। इसे बयां करने के लिए अभी मेरे पास बहुत शब्द नहीं हैं।

### बालाजी और वरेली की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन से बाहर

भारत के एन श्रीराम बालाजी और मैक्सिको के मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला की जोड़ी शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल में पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस और फ्रांसिस्को कैब्राल की जोड़ी से हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। मेलबर्न पार्क में दो घंटे और नौ मिनट तक चले मुकाबले में नूनो और फ्रांसिस्को ने बालाजी और वरेला की जोड़ी को 6-7 (7), 6-4, 3-6 से हराया। 56 मिनट चले पहले सेट में कोई भी जोड़ी सर्विस नहीं तोड़ पाई जिससे मैच टाईब्रेकर में चला गया और आखिरकार बोर्जेस और कैब्राल ने संयम बरकरार रखते हुए जीत हासिल की। हालांकि दूसरे सेट में बालाजी और वरेला ने वापसी करते हुये इस सेट को अपने नाम कर लिया और मैच पर बराबरी आकर खड़ा हो गया। तीसरे और निर्णायक सेट में बोर्गेस और कैब्राल ने चौथे गेम में अपने प्रतिद्वंद्वियों की सर्विस तोड़कर 3-1 की बढ़त बना ली। पुर्तगाल की जोड़ी ने नौवें गेम में ब्रेक पॉइंट हासिल करके मैच अपने नाम किया। भारत की निगाहें अब मिश्रित युगल में रोहन बोपन्ना पर टिकी हैं। बोपन्ना और उनकी जोड़ीदार झांग ने क्रिस्टीना और इवान को 6-4, 6-4 से हराकर मिश्रित युगल के अगले दौर में प्रवेश किया है।

# नोमान के पंजे से वेस्टइंडीज बेदम

## विंडीज को पहली पारी में 137 रन पर किया ढेर, पाक के पास कुल बढ़त 202 रन की

● मुल्तान, वार्ता

**नोमान** अली (39 रन पर पांच विकेट) और साजिद खान (65 रन पर चार विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को वेस्टइंडीज की पहली पारी 137 रन पर समेट कर 93 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करने के साथ अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम पर दिन का खेल खत्म होने के समय पाकिस्तान ने अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट खोकर 109 रन बना लिए थे और इस प्रकार उसकी कुल लीड 202 रन की हो चुकी है। कामरान गुलाम नौ और सउद शकील दो रन बना कर क्रीज पर टिके हुए थे। इससे पहले कप्तान शान मसूद (52) और मोहम्मद हुरैरा (29) ने 67 रन जोड़े। मसूद दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रन आउट हो गए। पहली पारी में आठ रन का योगदान देने वाले बाबर आजम



(5) का बल्ला आज भी नहीं चला और वह 11 गेंद खेल कर वारिकेन का दूसरा शिकार बने। इससे पहले साजिद खान ने अपने पहले स्पेल के लगातार दो ओवरों में मिकाइल लुइस (01),केसी कार्टी(00) और केवम हॉज (04) का विकेट चटका कर मेहमान टीम के खेमे में हलचल मचा दी वहीं दूसरे छोर पर नोमान अली वेस्टइंडीज पर कहर बरपा रहे थे। उन्होने ऐलेक एथनेज (06),जस्टिन ग्रीव्स (04),टेविन इमलाक (06) के विकेट झटक कर कैरिबियन बल्लेबाजी की हवा निकाल दी। हालांकि गुडाकेश मोती (19) के अलावा जेडेन सील्स (22) और जोमेल वारकेन (31 नाबाद) ने अपने हाथ खोले और वेस्टइंडीज पारी के स्कोर को तीन अंक तक ले जाने में सफल हो सका। पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी के शुक्रवार के स्कोर चार विकेट पर 143 रन से आगे खेलना शुरु किया। शुक्रवार के नाबाद बल्लेबाज सउद शकील (84) और मो रिजवान (71) ने अपनी साझीदारी को आगे बढ़ाया मगर दोनों के आउट होने के बाद मेजबान टीम की पारी जल्द ही सिमट गई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com
किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)